संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

दैनिक **घटती घटना**

Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025
RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 43 शनिवार 14 दिसम्बर 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# भारत के संविधान को लेकर पक्ष-विपक्ष में टकराव

### » भारत का संविधान संघ का विधान नहीं है:प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली, 13 दिसम्बर 2024 (ए)।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने लोकसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान अपना पहला भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने उन्नाव रेप मामले, संभल में हुई सांप्रदायिक हिंसा सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात की।

प्रियंका गांधी ने कहा, कुछ दिन पहले संभल के शोकाकुल परिवारों के कुछ लोग हमसे मिलने आए थे। इनमें दो बच्चे थे, एक का नाम अदनान और दूसरे का नाम उजैर था। अदनान मेरे बेटे की उम्र का था और उजैर लगभग 17 साल का था। उनके पिता एक दर्जी थे, और उनका सपना था कि वह अपने बेटों को शिक्षित होते देखें।

प्रियंका ने आगे कहा, पुलिस ने उनके पिता को गोली मार दी। अदनान ने मुझसे कहा था कि वह बड़ा होकर डॉक्टर बनेगा और अपने पिता के सपने को पूरा करेगा। यह सपना भारत के संविधान ने उसमें डाला था। प्रियंका ने बताया कि हमारा संविधान एक सुरक्षा कवच है, जो देशवासियों को सुरक्षित रखता है, न्याय और एकता का कवच है, और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का भी। लेकिन दुख की बात है कि सत्तापक्ष ने पिछले 10 सालों में इस सुरक्षा कवच को तोड़ने की कोशिश की है।



## अडानी मुद्दे पर प्रियंका गांधी का हमला

प्रियंका गांधी ने अडानी मुद्दे पर भी सरकार को घेरा और कहा कि सत्तारूढ़ सरकार अमेरिका के आरोपों पर बहस करने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया, देश देख रहा है कि एक व्यक्ति को बचाने के लिए 1.4 अरब लोगों की अनदेखी की जा रही है, जबकि सारी संपत्ति,बंदरगाह,सड़कें,खदानें उसे दे दी गई हैं। प्रियंका ने कहा,लैटरल एंट्री के जरिये यह सरकार रिजर्वेशन को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। अगर चुनाव के नतीजे नहीं होते तो ये लोग संविधान बदलने की कोशिश करते।

## संसद में राजनाथ बोले-नेहरू-इंदिरा ने संविधान बदलाताकि विरोधियों को चुप रख सकें

### प्रियंका ने कहा-नेहरू को छोड़िए,आपने क्या किया

संसद के शीतकालीन सत्र के 14 वें दिन शुक्रवार को संविधान के 75 साल पूरे होने पर लोकसभा में चर्चा हुई। शुरुआत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। 1 घंटे 10 मिनट की स्पीच में राजनाथ ने कांग्रेस पर संविधान बदलने, चुनी हुई सरकारों को गिराने, संविधान से ऊपर अपना स्वार्थ पूरा करने, इमरजेंसी के जरिए संविधान को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया।राजनाथ के बाद विपक्ष की ओर से प्रियंका गांधी ने 31 मिनट में उनके हर एक बयान का जवाब दिया। प्रियंका ने कहा...रक्षा मंत्री संविधान निर्माताओं में नेहरू जी का नाम नहीं लेते। जहां जरूरत होती है, वहां जरूर लेते हैं। पहले क्या हुआ, उसे अब बताने का क्या मतलब है। अभी सरकार आपकी है, आपने क्या किया, जनता को ये बताइए। प्रियंका ने कहा- प्रधानमंत्री संसद में संविधान की किताब को माथे से लगाते हैं। संभल, हाथरस, मणिपुर हिंसा पर जब न्याय की बात उठती है तो उनके माथे पर शिकन तक नहीं आती। राजा भेष बदलते हैं, लेकिन उनमें आलोचना सुनने की हिम्मत नहीं है। प्रियंका की यह लोकसभा में बतौर सांसद पहली स्पीच थी।

### जाति जनगणना पर प्रियंका गांधी का बयान

प्रियंका गांधी ने लोकसभा में जातिगत जनगणना पर भी बात की और कहा, आज देश की जनता मांग कर रही है कि जातिगत जनगणना हो। सत्ता पक्ष के साथी इस विषय को लेकर चर्चा कर रहे हैं, लेकिन इसे लेकर सिर्फ चुनावी नतीजों का ही असर नहीं है, बल्कि इससे हम सबकी स्थिति समझ सकते हैं और नीति निर्माण में मदद मिल सकती है।

### महिला आरक्षण विधेयक पर प्रियंका गांधी की मांग

प्रियंका गांधी ने लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक को तत्काल लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा, इस देश की महिलाओं को 10 साल तक इंतजार क्यों करना पड़ रहा है ? केंद्र को इसे बिना देरी के लागू करना चाहिए। उन्होंने अपनी दादी इंदिरा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सरकार का भी बचाव किया और कहा,यहां 1975 की बातें की जाती हैं, लेकिन मैं कहती हूं कि आप लोग सीख लिजिए। आप बैलेट पेपर से चुनाव करवा लीजिए, दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

# राहुल गांधी को गुल्लक भेंट करनेवाले बच्चों के माता-पिता ने कर ली खुदकुशी

### » कांग्रेस ने ईडी पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

**भोपाल,13 दिसम्बर 2024 (ए)।** भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी को जिन बच्चों ने गुल्लक भेंट की थी, उनके माता-पिता ने खुदकुशी कर ली है। जिसके बाद कांग्रेस ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पर उन्हें प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। मनोज परमार और नेहा के बच्चों ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल को गुल्लक गिफ्ट दिया था।

मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में कारोबारी मनोज परमार और उनकी पत्नी नेहा ने फांसी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली है। मनोज के बच्चों ने राहुल गांधी को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान गुल्लक भेंट की थी। कांग्रेस ने प्रवर्तन निदेशालय पर मनोज को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार सीहोर के आष्टा में रहने वाले मनोज परमार और उनकी पत्नी नेहा के शव शुक्रवार की सुबह फांसी के फंदे से लटके मिले। प्रारंभिक तौर पर इसे आत्महत्या बताया जा रहा है। पुलिस मौके पर पहुंच गई है और जांच कर रही है। दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

### गुल्लक भेंट करने के बाद चर्चा में था परिवार

उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मनोज के बच्चों ने अन्य बच्चों की टीम के साथ गुल्लक भेंट की थी। उसके बाद से मनोज चर्चा में थे। अभी हाल ही में मनोज के इंदौर और आष्टा के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की थी और दस्तावेज भी जब्त किए थे।







मनोज और उनकी पत्नी द्वारा आत्महत्या किए जाने पर कांग्रेस ने हमला बोला है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा, आष्टा के मनोज परमार को बिना कारण ईडी द्वारा परेशान किया जा रहा था। मनोज परमार के बच्चों ने राहुल गाधी को भारत जोड़ो यात्रा के समय गुल्लक भेंट की थी। मनोज के घर पर ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर भोपाल संजीत कुमार साहू द्वारा रेड की गई थी। मनोज के अनुसार उस पर रेड इसलिए डाली गई क्योंकि वह कांग्रेस का समर्थक है। मैंने मनोज के लिए वकील की व्यवस्था भी कर दी थी। लेकिन बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है मनोज इतना घबराया हुआ था कि उसने व उसकी पत्नी ने आज सुबह आत्महत्या कर ली। मैं इस प्रकरण में ईडी डायरेक्टर से निष्पक्ष जांच की मांग करता हूं।

वहीं कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी सीहोर पहुंच गए हैं। उनका कहना है कि नफरत और बदले की इस कार्रवाई की मैं कठोर शब्दों में निंदा करता हूं। सीतारमण संसद में बयान दें और देश को बताएं कि ईडी कैसे सरकारी इशारे पर अब हत्याएं कर रही है। दोषी अधिकारियों के खिलाफ तत्काल हत्या का मुकदमा दर्ज करें। स्वतंत्र संवैधानिक संस्थाओं का जानलेवा दुरुपयोग बंद करें। दुख की इस घड़ी में कांग्रेस पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। न्याय के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ेंगे।

# आम आदमी पार्टी ने जारी की तीसरी लिस्ट





### » कैलाश गहलोत की सीट से आप ने तरुण यादव को बनाया उम्मीदवार

**नई दिल्ली,13 दिसम्बर 2024 (ए)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को अपनी तीसरी लिस्ट जारी कर दी। आप ने इस लिस्ट में सिर्फ एक उम्मीदवार के नाम का ऐलान किया है। पार्टी ने नजफगढ़ से तरुण यादव को टिकट दिया है। कुछ दिन पहले ही तरुण यादव आम आदमी पार्टी में शामिल हुए थे।

नजफगढ़ सीट से कैलाश गहलोत विधायक थे, जो अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण कर चुके हैं। कैलाश गहलोत के भाजपा में जाने के बाद से आप को इस सीट पर एक दमदार प्रत्याशी की तलाश थी।

आम आदमी पार्टी अब तक कुल 32 उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है। हाल ही में दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) ने अपनी दूसरी लिस्ट जारी की थी। जिसमें 20 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया गया था।

आम आदमी पार्टी ने पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की सीट बदली थी। पार्टी ने उन्हें पटपडग़ंज की जगह जंगपुरा से चुनावी मैदान में उतारा है। वहीं, पटपडग़ंज से पार्टी ने अवध ओझा को टिकट दिया।

इसके अलावा आम आदमी पार्टी ने नरेला से दिनेश भारद्वाज, तिमारपुर से सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू, आदर्श नगर से मुकेश गोयल, मुंडका से जसबीर कारला, मंगोलपुरी से राकेश जाटव धर्मरक्षक, रोहिणी प्रदीप मित्तल, चांदनी चौक से पुनरदीप सिंह साहनी (सेबी), पटेल नगर से प्रवेश रतन, मादीपुर से राखी बिड़लान, जनकपुरी से प्रवीण कुमार, बिजवासन से सुरेंद्र भारद्वाज, पालम से जोगिंदर सोलंकी, जंगपुरा से मनीष सिसोदिया, देवली से प्रेम कुमार चौहान, त्रिलोकपुरी से अंजना पारछा, कृष्णा नगर से विकास बग्गा, गांधी नगर से नवीन चौधरी (दीपू), शाहदरा से पद्मश्री जितेंद्र सिंह शंटी और मुस्तफाबाद से आदिल अहमद खान को उम्मीदवार बनाया है।

# संदीप घोष और अभिजीत मंडल को जमानत

### आरोपपत्र दाखिल न होने से राहत

### कोलकाता रेप-हत्या मामला

**कोलकाता,13 दिसम्बर 2024 (ए)।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर के रेप और हत्या मामले में पूर्व प्रधानाचार्य संदीप घोष और पुलिस अधिकारी अभिजीत मंडल को जमानत मिल गई है।केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) दोनों की गिरफ्तारी के 90 दिन बाद भी आरोपपत्र दाखिल नहीं कर सकी, जिसका इनको फायदा मिला।सियालदह में विशेष सीबीआई कोर्ट के न्यायाधीश ने 2,000 रुपये के मुचलके पर दोनों को जमानत दी है। साथ ही कई शर्तें लगाई हैं।कोर्ट के आदेश के बाद ताला थाना क्षेत्र के पूर्व अधिकारी मंडल को शर्तों के साथ जमानत मिल जाएगी और वह कुछ दिनों में बाहर होंगे। हालांकि, डॉ घोष अभी जेल में रहेंगे।डॉ घोष पर महिला डॉक्टर के रेप और हत्या मामले से जुड़े होने के साथ मेडिकल कॉलेज में वित्तीय अनियमितता के भी आरोप हैं। इसलिए वे अभी जेल में रहेंगे।मृतक महिला डॉक्टर के पिता ने सीबीआई पर जांच में गंभीर न होने का आरोप लगाया है।



# बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों पर विदेश मंत्री बोले-ढाका उचित कदम उठाएगा

**नई दिल्ली,13 दिसम्बर 2024 (ए)।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने लोकसभा में बयान दिया है। उन्होंने प्रश्नकाल के दौरान सांसद असदुद्दीन ओवैसी द्वारा उठाए गए मुद्दे पर कहा, हमने अपनी चिंताओं की ओर उनका (बांग्लादेश) ध्यान आकर्षित किया है। हाल ही में विदेश सचिव ने ढाका का दौरा किया था। यह विषय उनकी बैठकों में उठा था और हमारी उम्मीद है कि बांग्लादेश अपने हित में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए कार्रवाई करेगा।



विदेश मंत्री ने आगे कहा, बांग्लादेश में विकास परियोजनाओं का भारत का अच्छा इतिहास रहा है। वास्तव में जब हम पड़ोस प्रथम नीति की बात करते हैं, तो पाकिस्तान और चीन को छोड़कर लगभग हर पड़ोसी देश के साथ हमारी महत्वपूर्ण विकास परियोजनाएं हैं और बांग्लादेश के मामले में भी यही स्थिति है। हमें आशा है कि बांग्लादेश में नई व्यवस्था के तहत हम दोनों मिलकर अपने संबंधों को ठीक करेंगे।

बांग्लादेश में अगस्त में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने हटने के बाद हिंदू अल्पसंख्यक के खिलाफ हमले तेज हुए हैं।हिंदू हमलों के खिलाफ आंदोलन कर रहे हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास को गिरफ्तार करने के बाद विवाद और बढ़ गया। कोलकाता और त्रिपुरा में बांग्लादेश उच्चायुक्त कार्यालय पर भी विरोध-प्रदर्शन हुआ।इसके बाद बांग्लादेश ने अपने 2 उच्चायुक्तों को वापस देश बुला लिया। हसीना के हटने के 3 महीने बाद पिछले दिनों भारतीय विदेश सचिव बांग्लादेश पहुंचे थे।

# गिरफ्तारी के 6 महीने बाद कन्नड़ एक्टर दर्शन को मिली जमानत



**हैदराबाद,13 दिसम्बर 2024 (ए)।** रेणुकास्वामी हत्या मामले में गिरफ्तार किए जाने के 6 महीने बाद दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता दर्शन थूगुदीपा ने राहत की सांस ली है।दरअसल, इस मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय ने दर्शन, पवित्रा गौड़ा और अन्य आरोपियों को जमानत दे दी है।इससे पहले अक्टूबर, 2024 में अभिनेता को रीढ़ की सर्जरी कराने के लिए अदालत ने 6 हफ्ते की अंतरिम जमानत दी थी।आइए आपको बताते हैं कि दर्शन को किस मामले में गिरफ्तार किया गया था।

दरअसल, मृतक रेणुकास्वामी, दर्शन के फैन क्लब का सदस्य था। जनवरी, 2024 में कन्नड़ अभिनेत्री पवित्रा गौड़ा ने दर्शन के साथ अपनी 10 वीं सालगिरह मनाई थी।इससे दोनों का रिश्ता विवादों में आ गया, क्योंकि दर्शन पहले से शादीशुदा हैं। इस खबर से रेणुकास्वामी काफी नाराज था।वह लगातार पवित्रा को मैसेज कर दर्शन से दूर रहने को कह रहा था। पुलिस के मुताबिक, पवित्रा ने दर्शन को स्वामी की हत्या के लिए उकसाया और उसे सजा देने को कहा। 9 जून को रेणुकास्वामी की लाश बेंगलुरु के सुमनहल्ली पुल के पास एक नाले में मिली थी, जिसे कुत्ते नोच रहे थे। 11 जून को दर्शन और पवित्रा की गिरफ्तारी हुई।47 साल के दर्शन और उनके सहयोगियों पर आरोप है कि उन्?होंने 33 साल के फैन रेणुकास्वामी को पहले चित्रदुर्ग से अगवा किया और फिर उसे प्रताडित कर मार डाला।बता दें कि दर्शन करिया, कालासिपाल्या, गज, नवग्रह, सारथी और बुलबुल जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं।

# आरबीआई को उड़ाने की धमकी

### रूसी भाषा में भेजा गया धमकी भरा ईमेल

**मुंबई,13 दिसम्बर 2024 (ए)।** भारतीय रिजर्व बैंक को शुक्रवार 13 दिसंबर को धमकी भरा ईमेल मिला। इस मेल में आरबीआई को विस्फोटकों से उड़ाने की धमकी दी गई है। यह मेल रूसी भाषा में आरबीआई गवर्नर के ईमेल आईडी पर भेजा गया। मेल मिलते ही मुंबई पुलिस हरकत में आई और मार्ग पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है। यह पहली बार नहीं है जब भारतीय रिजर्व बैंक को धमकी मिली हो। पहले भी धमकी भरे कॉल आ चुके हैं। नवंबर में, एक शख्स ने खुद को लश्कर-ए-तैयबा का सीईओ बताते हुए कॉल किया था। उसने सुबह 10 बजे कॉल करके एक बैक रोड बंद करने की मांग की और यह भी कहा कि उसकी इलेक्ट्रिक कार खराब हो गई है। इस घटना के बाद मुंबई पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की, लेकिन कुछ संदिग्ध नहीं पाया गया। मुंबई पुलिस ने धमकी भरे मेल की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी है। मेल भेजने वाले का पता लगाने के लिए मुंबई पुलिस ने साइबर क्राइम सेल से मदद मांगी है। धमकी भरे ईमेल का आईपी एड्रेस ट्रेस करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि मेल भेजने के पीछे किसका हाथ है और इसका मकसद क्या है।





# तेलंगाना कोर्ट से एक्टर अल्लू अर्जुन को मिली जमानत

**तेलंगाना,13 दिसम्बर 2024 (ए)।** सुपरस्टार अल्लू अर्जुन को तेलंगाना हाई कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है। इससे पहले लोअर कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया था। इसका मतलब है कि 'पुष्पा' फेम अभिनेता अब 14 दिन तक चंचलगुडा सेंट्रल जेल में नहीं रहेंगे।

हाई कोर्ट की जज जुव्वडी श्रीदेवी ने मामले की सुनवाई के बाद अल्लू अर्जुन को अंतरिम जमानत दे दी। कोर्ट ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह सुनिश्चित किया कि अभिनेता को हिरासत में रखने का कोई ठोस आधार नहीं है।

4 दिसंबर को 'पुष्पा-2' के प्रीमियर के दौरान हैदराबाद के संध्या थिएटर में भारी भीड़ जमा हो गई थी। इस दौरान भगदड़ मचने से 39 वर्षीय महिला रेवती की दम घुटने से मौत हो गई और उनके 9 साल के बेटे को गंभीर चोटें आईं। घटना में कई लोग घायल हुए थे। मृत महिला के पति ने अल्लू अर्जुन और थिएटर प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद 5 दिसंबर को अभिनेता, उनकी सिक्योरिटी टीम और थिएटर मैनेजमेंट के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।



13 दिसंबर की सुबह अल्लू अर्जुन को इस मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया। उन्हें सनसनी फैलाने और लापरवाही बरतने के आरोप में पकड़ा गया। इसके बाद उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। हालांकि, उनके वकील ने तेलंगाना हाई कोर्ट में अंतरिम जमानत की अपील की, जिसे मंजूर कर लिया गया।

मृत महिला के पति ने अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी के बाद केस वापस लेने की बात कही है। उन्होंने कहा कि उन्हें अभिनेता से कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है। इस घटना के बाद अल्लू अर्जुन ने अपनी टीम और थिएटर मैनेजमेंट पर ध्यान देने के लिए कहा है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

## संपादकीय

# अवैध प्रवेश की कोशिश में बढ़ोत्तरी

कनाडा के रास्ते अमेरिका में अवैध प्रवेश की कोशिश करने वाले भारतीयों की संख्या में अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के बीच 22 फीसदी बढ़ोतरी हुई थी। कनाडा के रास्ते ऐसे कुल 1,09,535 प्रयास हुए, जिनमें 16 प्रतिशत में भारतीय शामिल थे।गुजरे हफ्ते राज्यसभा में इस प्रश्न का विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने जवाब नहीं दिया कि क्या भारत से गैर-कानूनी ढंग से बाहर जाकर आश्रय मांगने वाले लोगों की संख्या में 800 फीसदी बढ़ोतरी हुई है।सिंह ने कहा कि सरकार के पास इस बारे में कोई आंकड़ा नहीं है, क्योंकि ये लोग जिन देशों में जाते हैं, वहां की सरकारें उन्हें साझा नहीं करतीं।मगर उन्होंने यह जरूर कहा कि जो लोग ऐसा कर रहे हैं, वे देश की प्रतिष्ठा गिरा रहे हैं। बहरहाल, अब एक आंकड़ा जरूर सामने आया है, जिसे भारत सरकार के नजरिए से देश के लिए अपमानजक कहा जाएगा। ये सूचना अमेरिका के कस्टम और सीमा सुरक्षा विभाग ने दी है।उसके मुताबिक कनाडा के रास्ते अमेरिका में अवैध प्रवेश की कोशिश करने वाले भारतीयों की संख्या में अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के बीच 22 फीसदी बढ़ोतरी हुई थी।कनाडा के रास्ते ऐसे कुल 1,09,535 प्रयास हुए, जिनमें 16 प्रतिशत में भारतीय शामिल थे। उसके पहले वाले वर्ष में 30,010 भारतीयों ने ऐसी कोशिश की थी, जबकि उपरोक्त अवधि में यह संख्या 43,764 हो गई।और यह सिर्फ कनाडा के रास्ते हुए प्रयासों का आंकड़ा है और वह भी सिर्फ उनसे संबंधित है, जिन्हें ऐसी कोशिश करते हुए पकड़ा गया। अमेरिका में ऐसी घुसपैठ की सबसे ज्यादा कोशिशें मेक्सिको की तरफ से होती है।अब चूंकि अवैध आव्रजकों को देश से निकालना और अवैध आव्रजन रोकना निर्वाचित राष्ट्पति डॉनल्ड ट्रंप की सर्वोच्च प्राथमिकता है, तो यह मुद्दा चर्चा में आया है।वैसे भारत से बड़े पैमाने पर अवैध ढंग से जाकर विदेश में बसने की कोशिश कर रहे हैं, यह आम जानकारी है। यह भी उल्लेखनीय है कि ऐसी कोशिशों अक्सर साधन संपन्न वर्ग के लोग शामिल होते हैं।क्यों? मान-अपमान की सोच से बाहर निकल सरकार को इस पर विचार करना चाहिए। आखिर क्यों विदेश में बसाने के लिए 80 लाख रुपये तक एजेंटों को देने के लिए लोग तैयार हो रहे हैं?देश में मौजूद अवसरों के प्रति लोगों का विश्वास इतना क्यों डोल गया है, सोचने का मुद्दा यह है।

राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर आज विशेष

# ऊर्जा संरक्षण से होगी बिजली की जरुरते पूरी



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू,राजस्थान

हमारे जीवन में प्रतिदिन के विभिन कार्यो के संचालन के लिए ऊर्जा अत्यंत महत्वपूर्ण साधन है। दुनिया की अर्थव्यवस्था में वृद्धि के साथ-साथ प्रतिवर्ष ऊर्जा की मांग भी बढ़ती जा रही है। हम प्रतिदिन विभिन रूपों में ऊर्जा का उपयोग करते है। अतः भविष्य में ऊर्जा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इसका संरक्षण आवश्यक है। ऊर्जा संरक्षण से तात्पर्य विभिन उपायों के माध्यम से ऊर्जा का संरक्षण करना है। ऊर्जा संरक्षण के अंतर्गत विभिन कार्यो के माध्यम से ऊर्जा का उपयोग इस प्रकार किया जाता है। जिससे वर्तमान की आवश्यता की पूर्ति के साथ भविष्य की जरूरतें भी पूरी हो सकें। ऊर्जा संरक्षण से तात्पर्य ऊर्जा का विवेकपूर्ण उपयोग है। इसका अर्थ है ऊर्जा का अनावश्यक उपयोग ना करना एवं कम से कम ऊर्जा का उपयोग करते हुए कार्य को करना।

भारत एक ऐसा देश है जहां पूरे साल सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा का इस्तेमाल किया जा सकता है। भारत में साल भर में लगभग 310 दिनों तक तेज धूप खिली रहती है। भारत भाग्यशाली देश है जिसके पास सौर ऊर्जा के लिए खिली धूप की उपलब्धता, पर्याप्त मात्रा में भूमि की उपलब्धता, परमाणु ऊर्जा के लिए थोरियम का अथाह भंडार तथा पवन ऊर्जा के लिए लंबा समुद्री किनारा नैसर्गिक संसाधन के तौर पर उपलब्ध है। जरूरत है तो बस उचित प्रौद्योगिकी का विकास तथा संसाधनों का दोहन करने की।

देश की ऊर्जा की मांग और आपूर्ति में बहुत बड़ा अन्तर है। देश में बिजली संकट लगातार गहराता जा रहा है। अगर इस समय बिजली संकट को गंभीरता से नहीं लिया गया तो यह भारत के विकास के लिए बड़ा अभिशाप सिद्ध हो सकता है। क्योंकि किसी भी देश की तरक्की का रास्ता ऊर्जा से ही होकर जाता है। सरकार को अब वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों पर गंभीरता से विचार करते हुए ऊर्जा बचत के लिए जरूरी उपाय अपनाने पड़ेंगे। इस मायने में सूर्य से प्राप्त सौर ऊर्जा अत्यंत महत्वपूर्ण विकल्प है।

भारत में 31 मार्च 2023 तक स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता 416,059 मेगावाट थी। जिसमें जीवाश्म ईंधन से 237,269 मेगावाट अथवा 57 प्रतिशत तथा गैर-जीवाश्म ईंधन से 178,790 मेगावाट अथवा 43 प्रतिशत शामिल। देश में कोयले से 205,235 मेगावाट अथवा 49.3 प्रतिशत, लिग्नाइट से 6620 मेगावाट, हाइड्रोपावर (पनबिजली) से 46,850 मेगावाट यानि कुल क्षमता का 11.3 प्रतिशत, प्राकृतिक गैस का योगदान 24,824 मेगावाट यानि क्षमता का महज 6 प्रतिशत और परमाणु ऊर्जा से 6780 मेगावाट, सौर उर्जा से 66,780 मेगावाट यानि 16.1 प्रतिशत, डीज़ल से 589 मेगावाट यानि 0.1 प्रतिशत, हवा से 42,633 मेगावाट यानि 10.2 प्रतिशत, बायो मास पावर/कोजेन से 10,248 मेगावाट, अपशिष्ट से 554 मेगावाट, लघु हाइड्रो से 4944 मेगावाट, नाभिकीय से 6780 मेगावाट बिजली उत्पन्न होती है। देश के सभी घरों तक 24 घंटे बिजली पहुंचाने के लिए मौजूदा क्षमता कम पड़ेगी। इसके लिए वर्तमान क्षमता से कम से कम 30 फीसदी अधिक बिजली की जरूरत होगी। इसके लिये देश में पावर प्लांटों में 100 फीसदी बिजली उत्पादन करना होगा।




बिजली आज पूरी दुनिया की सबसे अहम जरूरत बन गयी है। बिजली के बिना कोई भी देश तरक्की नहीं कर सकता है। थोड़े से समय के लिये बिजली चली जाने पर हमारे अधिकतर काम रूक जाते हैं। बिजली हमारे जनजीवन का कब मुख्य हिस्सा बन गयी हमें पता ही नहीं चल पाया। आज हमारा पूरा जनजीवन बिजली से जुड़ा हुआ है। बिजली का उत्पादन मशीनो से किया जाता है। ऐसे में हमें हर हाल में बिजली का दुरूपयोग नहीं करना चाहिये।

सौर ऊर्जा प्रदूषण रहित, निर्बाध गति से मिलने वाला सबसे सुरक्षित ऊर्जा स्त्रोत है। भारत में सौर ऊर्जा लगभग बारह महिने उपलब्ध है। सौर ऊर्जा को और अधिक उन्नत करने के लिए हमें अपने संसाधनों का उपयोग करना चाहिए। ऊर्जा के मामले में अधिक समय तक दूसरों पर निर्भर नहीं रहा जा सकता है। ऊर्जा के क्षेत्र में हमें अपनी तकनीक और संसाधनों का उपयोग कर आत्मनिर्भरता हासिल करनी ही होगा। यह दुख का विषय है कि बहुत लम्बे समय तक हमने सौर ऊर्जा के उत्पादन व उपयोग पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। हमारे देश की परिस्थितियां विषम होने के कारण हमें सभी उपलब्ध ऊर्जा विकल्पों पर विचार करना होगा। इसके साथ ही ऊर्जा संरक्षण के व्यावहारिक कदमों को अपनाना होगा ताकि बड़े पैमाने पर बिजली की बचत हो सके।

हमारे देश में ऊर्जा की मांग तीव्रगति से बढ़ रही है। लेकिन उत्पादन में खपत की तुलना में बढ़ोत्तरी नहीं हो पा रही है। देश में चल रही पुरानी बिजली परियोजनाएं कभी पूरा उत्पादन नहीं कर पाई है। नई स्थापित होने वाली परियोजनाओं के लिए स्थितियां अनुकूल नहीं होती हैं। देश में बिजली के इस संकट को अगर अभी समय रहते दूर नहीं किया गया तो आने वाले समय में गंभीर संकट का सामना करना होगा। दुर्भाग्यवश हमारे देश में खनिज, पेट्रोलियम, गैस, उत्तम गुणवत्ता के कोयला जैसे प्राकृतिक संसाधन बहुत सीमित मात्रा में ही उपलब्ध हैं। ऊर्जा की बचत किये बिना हम विकसित राष्ट का सपना नहीं देख सकते हैं।

आज जिस तेजी के साथ हम प्राकृतिक और पराम्परिक ऊर्जा के स्त्रोतों का उपयोग कर रहे हैं। उस रफ्तार से 40 साल बाद हो सकता है हमारे पास तेल और पानी के बड़े भंडार खत्म हो जाए। उस स्थिति में हमें ऊर्जा के गैर-पारंपरिक स्त्रोतों यानि सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा जैसे साधनों पर निर्भर होना पड़ेगा। लेकिन ऊर्जा के गैर-पारंपरिक स्त्रोतों को इस्तेमाल करना थोड़ा मुश्किल है और इस क्षेत्र में कार्य अभी प्रगति पर है। इन स्त्रोतों को इस्तेमाल में लाने के लिए कई तरह के वैज्ञानिक शोध चल रहे हैं जिनके परिणाम आने और आम जीवन में इस्तेमाल लाने के लायक बनाने में अभी समय लगेगा। इसे देखते हुए अगर हमने अभी से ऊर्जा के स्त्रोतों का संरक्षण करना शुरू नहीं किया तो आगे चलकर हालात बहुत बदतर हो सकते हैं।

केंद्र सरकार का कहना है कि देश के अब सभी 5 लाख 97 हजार 464 गांवों का विद्युतीकरण हो गया है। सरकार की परिभाषा के मुताबिक वे गांव इलेक्ट्रिफाइड माने जाते हैं। जहां बेसिक इलेक्ट्रिकल इंफ्रास्ट्रक्चर हो और गांव के 10 फीसदी मकानों और सार्वजनिक जगहों पर बिजली हो। भारत में बीते एक दशक के दौरान बढ़ती आबादी, आधुनिक सेवाओं तक पहुंच, विद्युतीकरण की दर तेज होने और सकल घरेलू आय में वृद्धि की वजह से ऊर्जा की मांग काफी बढ़ी है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस मांग को सौर ऊर्जा के जरिए आसानी से पूरा किया जा सकता है। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अपार संभावनाओं को देखते हुए अब विदेशी कंपनियों की निगाहें भी भारत पर हैं।

आज विश्व का हर देश कागजी स्तर पर तो ऊर्जा संरक्षण की बड़ी-बड़ी बातें करता है। लेकिन ऊर्जा की बर्बादी में सबसे आगे नजर आते हैं। अगर भारत की बात की जाए तो यहां विश्व में पाएं जाने वाली ऊर्जा का बहुत कम प्रतिशत हिस्सा पाया जाता है। लेकिन इसकी तुलना में हम इसको कहीं ज्यादा खर्चा करते हैं। हमारे देश में आज ऊर्जा बचत के उपायों को शीघ्रतापूर्वक और सख्ती से अमल में लाए जाने की जरूरत है। इसमें देश के हर नागरिक की भागीदारी होनी चाहिए। हर संभव ऊर्जा बचत करें तथा औरों को भी इसका महत्व बताएं।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# भारतीय स्कूली शिक्षा प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता



प्रियंका सौरभ
आर्यनगर, हिसार (हरियाणा)



विभिन्न शैक्षिक सुधारों और नीतियों के बावजूद, भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली को बहुआयामी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली में महत्त्वपूर्ण बदलाव हुए हैं, जो लंबे समय तक चलने वाले शैक्षणिक पथ और सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक कौशल के बीच की खाई के कारण चुनौतियों का सामना कर रही है। कई सुधारों के बावजूद, इन मुद्दों को सम्बोधित करने के लिए आमूलचूल परिवर्तन की महत्त्वपूर्ण आवश्यकता बनी हुई है। इस बदलाव का उद्देश्य छात्रों को वास्तविक दुनिया की मांगों के अनुरूप कौशल प्रदान करना, जीवन के मील के पत्थर और आधुनिक चुनौतियों के लिए तत्परता बढ़ाना है।

कोठारी आयोग ने स्कूली शिक्षा में एकरूपता की नींव रखी और शैक्षिक सुधारों की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। इसने 14 वर्ष की आयु तक मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा की सिफ़ारिश की, जिसने भारत की शिक्षा प्रणाली में भविष्य के सुधारों के लिए मंच तैयार किया। इस नीति ने शिक्षा की गुणवत्ता और पहुँच पर ध्यान केंद्रित किया, जिसका उद्देश्य समानता में सुधार करना और क्षेत्रीय असमानताओं को कम करना था। इसने पूरे देश में एक समान पाठ्यक्रम पेश किया और व्यावहारिक कौशल विकास के लिए व्यावसायिक शिक्षा पर ज़ोर दिया। इस योजना का उद्देश्य पोषण मानकों में सुधार करना और स्कूल में उपस्थिति बढ़ाना था। एसएसए का उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा को सार्वभौमिक बनाना और लैंगिक और सामाजिक असमानताओं को ख़त्म करना था। आरटीई अधिनियम ने 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए शिक्षा को निःशुल्क और अनिवार्य बना दिया, जिससे सभी बच्चों के लिए शिक्षा सुनिश्चित हुई। एनसीएफ 2005 का उद्देश्य सीखने के लिए रचनात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देकर शिक्षा को वास्तविक दुनिया की ज़रूरतों के लिए अधिक प्रासंगिक बनाना था। इसने रटने की आदत से हटकर परियोजना-आधारित सीखने और आलोचनात्मक सोच को प्रोत्साहित किया।समग्र शिक्षा अभियान एकीकृत योजना का उद्देश्य समग्र दृष्टिकोण के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता और पहुँच में सुधार करना था। इसने हाशिए पर पड़े छात्रों के लिए बुनियादी ढांचे, शिक्षक प्रशिक्षण और समावेशी शिक्षा के लिए स्कूलों को अनुदान प्रदान किया। एनईपी 2020 ने प्रारंभिक बचपन की शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और कक्षा 10 के बाद कठोर धाराओं को ख़त्म करने जैसे परिवर्तनकारी बदलावों का प्रस्ताव रखा। यह समग्र विकास के उद्देश्य से शिक्षा के मार्गों में बहु-विषयक सीखने और लचीलेपन पर ज़ोर देता है। भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली के सामने आने वाली बहुआयामी चुनौतियाँ क्षेत्रों में गुणवत्ता की असमानताएँ हैं। भारत में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच शिक्षा की गुणवत्ता में एक महत्त्वपूर्ण अंतर है, जहाँ कई ग्रामीण स्कूलों में बुनियादी ढाँचे और योग्य शिक्षकों की कमी है। एएसईआर 2018 के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में केवल 50त्न बच्चे ही बुनियादी पाठ पढ़ सकते हैं, जो शिक्षा की गुणवत्ता में असमानताओं को उजागर करता है। शिक्षा प्रणाली अक्सर सैद्धांतिक ज्ञान पर ध्यान केंद्रित करती है, जिससे छात्र कार्यबल में आवश्यक व्यावहारिक नौकरी कौशल के लिए तैयार नहीं होते हैं। इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में डिग्री वाले स्नातकों में अक्सर नौकरी-विशिष्ट कौशल की कमी होती है, जिससे उच्च बेरोजगारी दर होती है। प्रणाली अभी भी रटने पर अत्यधिक ध्यान केंद्रित करती है, जिससे सीमित आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान क्षमताएँ होती हैं। आईसीएसई और सीबीएसई में, परीक्षाएँ अनुप्रयोग-आधारित सीखने के बजाय सामग्री को याद करने पर केंद्रित होती हैं, जिससे रचनात्मक सोच में बाधा आती है। शिक्षक प्रशिक्षण की कमियाँ- शिक्षकों के प्रशिक्षण और व्यावसायिक विकास में एक महत्त्वपूर्ण अंतर है, जो शिक्षण की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। शिक्षकों की कमी और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण को पर्याप्त रूप से सम्बोधित करने में विफल रहने के लिए राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की आलोचना की गई है। डिजिटल शिक्षा के विकास के बावजूद, तकनीकी बुनियादी ढाँचा अपर्याप्त बना हुआ है, खासकर ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में। उदाहरण के लिए डिजिटल इंडिया कार्यक्रम ने प्रगति की है, लेकिन ग्रामीण स्कूलों में इंटरनेट की पहुँच और डिवाइस की पहुँच अभी भी कम है, जिससे छात्रों का आधुनिक शैक्षिक उपकरणों से संपर्क सीमित हो जाता है। भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता वास्तविक दुनिया के कौशल के साथ संरेखण की मांग करती है। आमूलचूल परिवर्तन छात्रों को सैद्धांतिक ज्ञान के बजाय व्यावहारिक कौशल से लैस करने पर ध्यान केंद्रित कर सकता है, शिक्षा को वास्तविक दुनिया की मांगों के साथ संरेखित कर सकता है। फ़िनलैंड की शिक्षा प्रणाली व्यावहारिक कौशल और हाथों से सीखने पर ज़ोर देती है, जिसके परिणामस्वरूप छात्रों की अधिक सहभागिता और रोज़गार क्षमता होती है। आमूलचूल सुधार लचीले शिक्षा मार्ग प्रदान कर सकते हैं, जिससे छात्रों को उनकी रुचियों के आधार पर अलग-अलग सीखने के मार्ग अपनाने की अनुमति मिलती है। जर्मनी की दोहरी शिक्षा प्रणाली व्यावसायिक शिक्षा और अकादमिक शिक्षा के बीच संतुलन प्रदान करती है, जिससे रोज़गार क्षमता में सुधार होता है। अधिक छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण में बदलाव से छात्रों में रचनात्मक सोच, समस्या-समाधान और आलोचनात्मक तर्क को बढ़ावा मिलेगा। इंटरनेशनल बैकलॉरिएट (IB) कार्यक्रम रचनात्मकता, संस्कृति और संज्ञानात्मक कौशल सहित छात्रों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। आमूलचूल परिवर्तन उच्च-दांव वाली परीक्षाओं से दूर जा सकता है और अधिक निरंतर मूल्यांकन विधियों को अपना सकता है, जिससे छात्रों पर परीक्षा का दबाव कम हो सकता है। सिंगापुर ने छात्रों के प्रदर्शन को मापने, तनाव को कम करने और सीखने के परिणामों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए निरंतर मूल्यांकन रणनीतियों को लागू किया है। आमूलचूल परिवर्तन से पाठ्यक्रम में प्रौद्योगिकी-संचालित शिक्षा को शामिल किया जा सकता है, जिससे पहुँच और सहभागिता बढ़ सकती है। कौशल-आधारित शिक्षा को शामिल करने जैसे पारंपरिक सुधारों से परे अभिनव समाधान। शुरुआती चरण में व्यावसायिक शिक्षा और कौशल-आधारित शिक्षा शुरू करने से छात्रों को व्यावहारिक क्षमताओं से लैस किया जाएगा, जिससे वे कार्यबल के लिए तैयार होंगे। दक्षिण कोरिया तकनीकी शिक्षा को मिडिल स्कूल से अपने पाठ्यक्रम में एकीकृत करता है, जिससे एक कुशल कार्यबल तैयार होता है। ऑफ़लाइन और ऑनलाइन सीखने का संयोजन शैक्षिक विभाजन को पाट सकता है, जिससे जुड़ाव और पहुँच बढ़ सकती है। स्कूलों में मिश्रित शिक्षा दूरदराज के क्षेत्रों में छात्रों को आमने-सामने बातचीत से लाभान्वित करते हुए डिजिटल सामग्री तक पहुँचने की अनुमति देती है। सरकार और निजी क्षेत्र के बीच सहयोग स्कूलों के लिए बुनियादी ढाँचे, प्रशिक्षण और संसाधनों को बढ़ा सकता है, विशेष रूप से वंचित क्षेत्रों में। ब्रिटिश कार्उसिल भारतीय राज्यों के साथ मिलकर शिक्षक प्रशिक्षण में सुधार और वैश्विक शिक्षण मानकों को पेश करती है। छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और समग्र कल्याण पर ध्यान केंद्रित करने से बेहतर शिक्षण परिणाम मिलेंगे। उदाहरण के लिए- जापान ने अपने पाठ्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा को एकीकृत किया है, जिससे छात्रों के कल्याण और प्रदर्शन में सुधार हुआ है। स्थानीयकृत शिक्षा मॉडल- क्षेत्रीय आवश्यकताओं और सांस्कृतिक संदर्भों के अनुरूप शिक्षा प्रणालियों को तैयार करने से जुड़ाव और प्रासंगिकता में सुधार होगा।भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली में दीर्घकालिक चुनौतियों का समाधान करने और परिणामों को बेहतर बनाने के लिए आमूलचूल सुधारों की आवश्यकता है। फिनलैंड के छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण और दक्षिण कोरिया के व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसी वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं से प्रेरणा लेते हुए, भारत भविष्य के लिए तैयार कार्यबल के लिए ह्यक्क2020 के दृष्टिकोण के साथ मिलकर समावेशी और टिकाऊ शैक्षिक परिणाम प्राप्त कर सकता है।

# भाजपा की निर्णायक लड़ाई का निष्कर्ष

संसद के शीतकालीन सत्र में हर दिन राजनीति का नया रंग देखने को मिल रहा है। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने किसी हाल में अडानी का मुद्दा नहीं छोडऩे का फैसला किया है तो दूसरी ओर सत्तारुढ़ दल यानी भाजपा भी निर्णायक लड़ाई की तैयारी में है। भाजपा की निर्णायक लड़ाई का निष्कर्ष यह है कि लोकसभा में यानी जनता के सदन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी गद्दार' हैं, सबसे बड़े विपक्षी पार्टी कांग्रेस की संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी भी देश विरोधी हैं और अमेरिका दुश्मन देश है। भाजपा ने संसद की बहस और चर्चाओं के साथ साथ प्रेस कांफ्रेंस करके भी यह नैरेटिव स्थापित किया है। जब भाजपा के सांसदों ने आरोप लगाए तब भी ये आरोप गंभीर थे लेकिन अब तो केंद्र सरकार के मंत्रियों ने भी इन आरोपों को दोहराया है। तभी यह सवाल गंभीर हो गया है कि क्या सचमुच नेता प्रतिपक्ष गद्दार' या देश विरोधी हैं और क्या सचमुच अमेरिका भारत का दुश्मन है?पहले अमेरिका पर लगाए गए आरोपों की चर्चा करें तो उसमें कई बातों का खुलासा हो गया है। भाजपा के सांसदों ने जब कहा कि ओसीसीआरपी यानी ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल है और इस संस्था को अमेरिकी कारोबारी जॉर्ज सोरोस और अमेरिकी विदेश विभाग की फंडिंग मिलती है तब अमेरिका ने इस पर अपना पक्ष रखा था। अमेरिका ने कहा था कि वह मीडिया की स्वतंत्रता का चैंपियन रहा है और इस तरह के किसी भी संगठन पर दबाव नहीं बनाता है। इतना ही नहीं अमेरिका ने इसे निराशाजनक बताया था कि भारत में सत्तारूढ़ दल इस किस्म के आरोप लगा रहा है। अब सवाल है कि भाजपा ने ये आरोप किस आधार पर लगाए थे? भाजपा का आरोप फ्रांस के मीडिया समूह मीडियापार्ट' की एक रिपोर्ट पर आधारित था, जिसमें कथित तौर पर यह कहा गया था कि ओसीसीआरपी को अमेरिकी विदेश विभाग की फंडिंग है। अब मीडियापार्ट' ने जवाब दिया है और कहा है कि भारत में सत्तारूढ़ दल यानी भाजपा फेक न्यूज' फैला रही है। उसका कहना है कि उसकी रिपोर्ट को गलत तरीके से उद्धृत किया जा रहा है, अपने मनमाफिक राजनीतिक नैरेटिव सेट करने के लिए।अमेरिका और फ्रांस के मीडिया समूह दोनों के जवाब के बाद भी भाजपा ने आरोप लगाना बंद नहीं किया है। भाजपा के सांसद अब भी दावा कर रहे हैं कि अमेरिका की फंडिंग से चल रहा एक संगठन भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल हैं। अब सवाल है कि उस संस्था यानी ओसीसीआरपी की भारत विरोधी गतिविधियां क्या हैं? ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट ने पेगासस के इस्तेमाल की जानकारी दी थी और एक रिपोर्ट में अडानी समूह पर शेयर बाजार में जोड़तोड़ का आरोप लगाया था। यही बात हिंडनबर्ग रिसर्च ने भी कही थी। सोचें, इसमें से कौन सी बात भारत विरोधी हो गई? अगर स्वतंत्र पत्रकारों के किसी समूह ने जासूसी के लिए पेगासस सॉफ्टवेयर के इस्तेमाल की रिपोर्ट दी या किसी कंपनी विशेष पर जोड़तोड़ का आरोप लगाया तो इसे देश विरोधी कैसे माना जा सकता है? लेकिन भाजपा का कहना है कि यह संस्था भारत के आर्थिक विकास को रोकना चाहती है। घूमा फिरा कर यह बात भी कही जा रही है कि राहुल गांधी के इशारे पर यह काम हो रहा है।इसका मतलब है कि राहुल गांधी इतने पावरफुल हैं कि वे अमेरिका जाते हैं और जॉर्ज सोरोस व अमेरिकी विदेश विभाग को इसके लिए तैयार करते हैं कि वे भारत विरोधी गतिविधियां चलाएं? भारत में आर्थिक विकास को बाधित करें? अगर ऐसा है तो फिर पूरी दुनिया में प्रधानमंत्री का डंका किस बात का बज रहा है? फिर तो डंका राहुल गांधी का बज रहा है जो वे दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश से मनचाहा काम करवा रहे हैं! फिर जो बाइडेन और डोनाल्ड ट्रंप किस बात के प्रधानमंत्री के दोस्त हैं, जो उनके देश से राहुल गांधी के कहने पर भारत विरोधी गतिविधियां चल रही हैं? एक बड़ा सवाल यह भी है कि अमेरिका को दुश्मन बता कर भारत को क्या हासिल होगा? पिछले कई दशकों से अमेरिका के साथ भारत के संबंध स्थिर और दोस्ताना रहे हैं। अगर इतना दोस्ताना नहीं भी होता तो किसी स्वतंत्र संस्था की रिपोर्ट के आधार पर किसी देश को दुश्मन या विरोधी बताना कोई अच्छी कूटनीति नहीं होती है। तभी यह सवाल भी है कि अमेरिका पर हमला सिर्फ ओसीसीआरपी में उसकी कथित फंडिंग की वजह से है या कहीं इसके पीछे अमेरिकी अदालत द्वारा गौतम अडानी व सागर अडानी सहित आठ लोगों को आरोपी बनाने, अमेरिकी अखबारों में भारत के बड़े नेताओं के नाम आने और अमेरिकी एजेंसियों द्वारा भारतीय नागरिकों को मोस्ट वांटेड और भगोड़ा बताने का भी हाथ है? जो हो यह एक गंभीर मामला है और सत्तारूढ़ दल को सोच समझ कर इस मामले में आरोप लगाने चाहिए।दूसरी बात लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी को देश विरोधी बताने का है। राहुल को गद्दार' बताने का आधार यह है कि वे अमेरिका जाते हैं तो इल्हान उमर और कुछ अन्य भारत विरोधी लोगों से मिलते हैं और सोनिया गांधी इसलिए देश विरोधी हैं क्योंकि वे फोरम ऑफ डेमोक्रेटिक लीडर्स इन एशिया पैसिफिक की सह अध्यक्ष हैं। यह संस्था कश्मीर को कथित तौर पर भारत से अलग करने की बात करती है। सोचें, नेता प्रतिपक्ष का पद एक संवैधानिक पद होता है और उस पद पर बैठे एक निर्वाचित नेता को भाजपा के सांसद संबित पात्रा ने कुछ लोगों से उनकी मुलाकातों के आधार पर शीर्ष स्तर का गद्दार' कहा। इससे पहले राहुल गांधी पर परिवारवाद, भ्रष्टाचार, अक्षमता आदि के आरोप लगते थे। उनको बालक बुद्धि तो अब भी कहा जाता है। संसदीय कार्य मंत्री ने सोमवार, नौ दिसंबर को ही उनको बालक बुद्धि कहा। लेकिन वही बालक बुद्धि देश के खिलाफ साजिश रच रहा है और गद्दार' है, यह पहली बार कहा जा रहा है। जाहिर है कि इस बार राहुल गांधी ने कुछ ज्यादा बड़ी तकलीफ दे दी है।ऐसा नहीं है कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अनाप शनाप बातें नहीं कहते हैं। वे भी प्रधानमंत्री के संवैधानिक पद की गरिमा गिराने वाली बातें कहते हैं। लेकिन वे वही बातें कहते हैं, जो आजादी के बाद से अब तक कही जाती रही हैं। जो दूसरे प्रधानमंत्रियों के लिए कही गई वैसी ही बातें वे भी कहते हैं। परंतु यह पहली बार है, जब सत्तारूढ़ दल ने नेता प्रतिपक्ष पर इतना बड़ा हमला किया है और नेता प्रतिपक्ष को गद्दार' ठहराया। निश्चित रूप से ऐसा कहने के लिए उसके पास कुछ बड़ा और पुख्ता सबूत होना चाहिए। राजनीतिक स्कोर सेटल करने के लिए या संसद में उनका मुंह बंद कर देने के लिए इस तरह के आरोप नहीं लगाए जा सकते हैं। इस तरह के आरोप लगाए गए हैं तो केंद्र सरकार की एजेंसियों को उनकी गंभीरता से जांच करनी चाहिए। कायदे से जांच पहले होनी चाहिए थी और उसके बाद आरोप लगाए जाने चाहिए थे। लेकिन अगर आरोप पहले लगा दिए गए हैं और केंद्र सरकार के मंत्री दावा कर रहे हैं कि आरोप का कंटेंट गंभीर है तो उसकी गहराई से जांच होनी चाहिए। सिर्फ जुबानी जंग नहीं होनी चाहिए और न इतने गंभीर आरोप का सिर्फ राजनीतिक इस्तेमाल होना चाहिए।



-अजीत द्विवेदी-

## कविता
## सीखो मिलकर रहना

घटती-घटना



कृष्णा चौहान
सारंगढ़
बिलाईगढ़
छत्तीसगढ़

जिंदगी दो पल की हैं,
सीखों मिलकर रहना!
मिटा दो मन से नफरत,
लड़ाई झगड़ा से दुर रहना!
जिंदगी दो पल की हैं,
अच्छे कर्म करना!
बैर भाव दुश्मनी,
किसी से मत करना!
जिंदगी दो पल की हैं,
प्रेम की भाषा बोलना!
जिंदगी में खाली हाथ आए,
और खाली हाथ जाना!
जिंदगी दो पल की हैं,
छोड़ो गुस्सा अपना!
मातृभूमि हम सबकी हैं,
सीखों मिलकर रहना!
जिंदगी दो पल की हैं,
बेमतलब तुम मत लड़ना!
मानों सभी को अपना,
मिलजुल-कर सब रहना!

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# शादी समारोह से रुपए चोरी करने वाले सांसी गिरोह के 5 सदस्य गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 13 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।

शादी समारोह से उठाईगिरी करने वाले अंतररज्जिय गिरोह के 5 सदस्यों को मणिपुर पुलिस ने एमपी से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में 3 महिला व दो पुरूष शामिल हैं। ये सभी कडिया़ सांसी गिरोह के सदस्य हैं। जो लग्जरी कार से शादी समारोह में आकर वारदात को अंजाम देते हैं। कुछ दिन पूर्व मणिपुर थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में आयोजित शादी सरोह से 1.40 लाख रुपए चोरी थी। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



जानकारी के अनुसार मणिपुर निवासी पवन चौधरी के बहन की शादी कुछ दिन पूर्व दर्रीपारा स्थित एक होटल में थी। इस दौरान रिश्तेदारों व परिचितों द्वारा लिफाफे में रुपए दिए गए थे। जो लगभग 1.40 लाख रुपए थे। परिजन ने उक्त रुपए को एक बैग में डालकर कमरे में छोड़ दिया था। शादी संपन्न होने के बाद रुपए सहित बैग नहीं थे। पवन चौधरी ने मामले की रिपोर्ट मणिपुर थाना में दर्ज कराई थी। पुलिस ने अज्ञता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कर रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की तो दो संदिग्ध महिलाएं लग्जरी कार से आकर शादी में शामिल हुए और बैग ले जाते दिखे। पुलिस ने उक्त दोनों संदिग्ध महिलाओं की पहचान कडिया़ सांसी गिरोह के सदस्य के रूप की। यह अंतरराज्जिय गिरोह अलग-अलग शहरों में जाकर शादी समारोह के दौरान होटल व लॉज या घरों से कीमती जेवरात व रुपए चोरी करते हैं। मामले में मणिपुर पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए इंदौर मध्यप्रदेश कई थी। स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपी रूबी छायल पति आकाश छायल 30 वर्ष, संध्या सिसोदिया पति मंगल सिंह सिसोदिया 28 वर्ष, उपासना सिसोदिया पति आदर्श भंवरिया, दिलीप सिसोदिया पिता स्व मान सिंह सिसोदिया 35 वर्ष, श्याम सिसोदिया पिता निर्भय सिंह 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी ग्राम कडिया़ सांसी थाना बोडा जिला राजगढ़ एमपी के रहने वाले हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से एक लग्जरी कार, प्रकरण से चोरी की रकम से खरीदे गए समान एवं 5 हजार रुपए नकद बरामद किया है। पुलिस ने सभी आरापियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिय है। पूरी कार्रवाई के दौरन थाना प्रभारी मणिपुर उप निरीक्षक अखिलेश सिंह, सहायक उप निरीक्षक अजीत मिश्रा,प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, प्रधान आरक्षक गणेश कदम, आरक्षक उमाशंकर साहू, अनुज जायसवाल, जितेश साहू, रमेश रजवाड़े, महिला आरक्षक किरण अमलावती शामिल रहे।

# अंबिकापुर में सर्दी का कहर:तापमान 5.9 डिग्री,संभाग में शीतलहर का अलर्ट



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 13 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।

संभाग में शीतलहर को लेकर अलर्ट, अंबिकापुर का तापमान 5.9 डिग्री अंबिकापुर. पिछले चार दिनों से सरगुजा संभाग में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। उत्तर की ओर से आ रही शुष्क हवाओं के कारण तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। शुक्रवार को अंबिकापुर शहर का न्यूनतम तापमान 5.9 डिग्री जबकि मैनपाट का 3 डिग्री दर्ज किया गया। यहां दो दिनों से सुबह-सुबह ओस की बूंदें भी जमी हुई दिख रही है। बलरामपुर जिले की बात करें तो यहां भी तापमान 4.7 डिग्री पहुंच गया है। ठिठुरन वाली ठंड से लोग दिन में भी कांप रहे हैं।सरगुजा संभाग में कंपकनाने वाली ठंड पिछले चार दिनों से पड़ रही है। अंबिकापुर में इस सीजन का सबसे कम तापमान 5.9 डिग्री दर्ज किया गया। यही वजह है कि लोग रात के अलावा दिन में भी गर्म कपड़ों में नजर आ रहे हैं। मौसम विभाग का कहना है कि नवंबर में विक्षोभ की अनुपस्थिति के कारण एक लंबे अरसे बाद इस वर्ष निर्वाध रूप से उत्तरी हवाओं का प्रभाव दिखा था। इससे सरगुजा में नवंबर में ही शीतलहर की स्थिति निर्मित हुई थी। लेकिन खाड़ी में हुई हलचल और उत्तर भारत मे पछुआ की सक्रियता के कारण नियमित उत्तरी शुष्क हवा के बाधित होने से न्यूनतम तापमान में उछाल आया। एक बार फिर विक्षोभों की ऊर्जा दुर्बल होने से हवाओं का प्रवेश उत्तर की ओर से होने लगा है। ऐसे में न्यूनतम तापमान में फिर से गिरावट दर्ज की जा रही है।

# बड़ी मां को जिन्दा जलाकर हत्या करने वाले भाई-बहन गिरफ्तार




- संवाददाता -
अंबिकापुर, 13 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।

महिला को जिन्दा जलाकर हत्या करने के मामले में धौरपुर पुलिस ने भाई-बहन को गिरफ्तार किया है। शराब के नशे में दोनों ने बड़ी मां की हत्या कर दी थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार भिनसारी पति रामसाय ग्राम चटकपुर थाना धौरपुर की रहने वाली थी। 11 दिसंबर की रात को भिनसारी गांव में ही भतीजा चंटू उर्फ अमृत उर्फ रामजाने विश्वकर्मा व भतीजी प्रभा अगरिया के घर में थी। सभी एक साथ बैठकर दारू-मुर्गा का पार्टी किया था। इस दौरान गांव के अन्य लड़के भी आए थे। भिनसारी अक्सर अपनी भतीजी को लड़कों को घर में बुलाने व साथ रहने की बात को लेकर डांटती थी। 11 दिसंबर की रात को भी पार्टी में कई लड़के थे। इसी बात को लेकर भिनसारी भतीजी प्रीभा को डांट फटकार रही थी। इस दौरान दोनों के बीच विवाद हो गया। तभी गुस्से में आकर प्रभा ने महिला को जलती हुई लकड़ी से सिर पर हमला कर दिया। इससे महिला बेहोश हो गई। इसके बाद प्रभा ने अपनी बड़ी मां के कपड़े में माचिस से आग लकाकर जला दी। इससे महिला की मौत मौके पर ही हो गई। इसके बाद दोनों भाई-बहन ने बड़ी मां की लाश को उठाकर गांव के ही अमृ के घर के पास फेंक दी थी। घटना के बाद से प्रभा फरार थी। मामले में धौरपुर पुलिस ने आरोपी प्रभा अगरिया पति अनमोल पिता सोनू विश्वकर्मा उम्र 26 वर्ष निवासी मुड़पार कालीपुर थाना बतौली हालमुकाम धौरपुर चटकपुर व चंटू उर्फ अमृत उर्फ रामजाने विश्वकर्मा उम्र 20 वर्ष ग्राम चटकपुर थाना धौरपुर को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

## एसपी ने जनरल परेट की ली सलामी, बेहतर वेशभूषा धारण करने वाले पुलिसकर्मियों को किया गया प्रोत्साहित

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 13 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।

रक्षित केंद्र अम्बिकापुर में शुक्रवार को आयोजित जनरल परेड की सलामी पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा ली गई। परेड के निरीक्षण दौरान पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों के टर्न आउट का निरीक्षण कर बेहतर



वेशभूषा धारण करने वाले पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को ईनाम देकर प्रोत्साहित किया गया। पुलिस डॉग के खानपान पर विशेष ध्यान देने एवं नियमित अभ्यास कराने के निर्देश डॉग हैंडलर को दिए गए, साथ ही पुलिस डॉग हैंडलर से परेड एवं अन्य अभ्यास कराकर देखा गया, परेड के मधुर धून के लिए सुसज्जित पुलिस बैंड के सम्बन्ध मे तैनात अधिकारियो कर्मचारियों से आवश्यक संसाधन की जानकारी ली गई,रक्षित निरीक्षक कों बैंड हेतु अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। जनरल परेड मे अधिकारियो/कर्मचारियों कों टोली वार कूच कराकर ड्रिल कराया गया, पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा शासकीय वाहनों का निरीक्षण करते हुए वाहनों की बारीकी से जांच की गई,वाहनो के खामियों को तत्काल दुरूस्त कराने एवं वाहनों के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के दिशा निर्देश दिए गए, वाहनों के ड्राइवर डायरी अधतान रखने हेतु सख्त समझाईस दी गई, ड्रिल के पश्चात पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा जनरल परेड की सलामी ली गई। जनरल परेड के दौरान अति. पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो, नगर पुलिस अधीक्षक एम आर कश्यप, रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत, सहित समस्त थाना, चौकी एवं कार्यालय से कुल 114 पुलिस अधिकारी,कर्मचारी उपस्थिति रहे।



# मेडिकल कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कविता को मिले प्रथम पुरस्कार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 13 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ सरकार के 01 वर्ष पूर्ण होने उपरांत राजमाता देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में 13 दिसम्बर को महाविद्यालय में अध्ययनरत एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं के बीच भाषण व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा नेता आलोक दुबे, पार्षद रिंकु वर्मा, विशिष्ट अतिथि कैलाश मिश्रा सांसद प्रतिनिधि सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं डॉ. रमेश चन्द्र आर्या प्रभारी अधिष्ठाता, डॉ. रंजना सिंह आर्या संचालक सह प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष एनाटॉमी विभाग, डॉ. करिश्मा सिंह प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष फिजियोलॉजी विभाग, डॉ. राजेश कुमार श्रीवास्तव, प्राध्यापक बायोकेमिस्ट्री विभाग, डॉ. आभा एक्का सह प्राध्यापक कम्युनिटि मेडिसिन विभाग, डॉ. मनीष गोयल सह प्राध्यापक फिजियोलॉजी विभाग, आकाश राज वर्मा टेक्निशियन कम प्रदर्शक कम्युनिटि मेडिसीन विभाग व अन्य चिकित्सा शिक्षक उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के अधिष्ठाता ने की। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार एमबीबीएस बैच 2020 की छात्रा कविता सिंह एवं द्वितीय पुरस्कार एमबीबीएस बैच 2024 के छात्र सौम्य कुमार पैकरा ने प्राप्त किया। इसी क्रम में विभिन्न कार्यक्रम रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन 17 दिसम्बर तक किया जाना है।

# शिविर में 10 नए कैंसर के मरीज मिले

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 13 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।

लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज की पहल पर शासकीय योजनाओं का कैंसर पीड़ित रोगी को लाभ दिलाने के उद्देश्य से एनएचएमआई हॉस्पिटल रायपुर व शहरी स्वास्थ्य केंद्र नवापारा की कैंसर यूनिट के पारस्परिक सहयोग से निश्शुल्क कैंप संपन्न हुआ। कैंप में 105 संदेहास्पद रोगी ने जांच कराया। जिसमें से 40 मरीज पुराने कैंसर रोगी व 10 नए कैंसर के रोगी मिले। 6 मरीजों में मुंह का कैंसर 2 पेट का कैंसर व सर्विक्स, स्तन के 1-1 केस



चिन्हित किए गए।

मुंह के कैंसर के सभी कैसे कभी न कभी तंबाकू का सेवन करने वाले मिले। जबकि स्तन कैंसर के मरीज में परिवार में इस बीमारी का होना पाया गया।

वर्तमान में गैर संक्रामक बिमारी रोकथाम प्रकोष्ठ द्वारा नवापारा स्वास्थ्य केन्द्र में कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हिमान्शु गुप्ता की देखरेख में 500 से ज्यादा मरीज का सफल कीमोथेरेपी द्वारा निश्शुल्क उपचार आयुष्मान कार्ड से दिया जा रहा है। कैंसर कैंप में एनएचएमआई के चिकित्सक डॉक्टर भारत भूषण उपस्थित रहे।

## दो अलग-अलग स्थान से बाइक चोरी, रिपोर्ट दर्ज

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 13 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।

घर के आंगन व गुदरी बाजार से बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने इसकी रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार कृष्णा राम बखला नावागढ़ मझली पीड़ का रहने वाला है। वह 11 दिसंबर की रात को अपने भाई की बाइक सीजी 15 डीक्यू 8236 को अपने घर के आंगन में खड़ा किया था। दूसरे दिन सुबह उठकर देखा तो आंगन से बाइक गायब थी। किसी अज्ञात द्वारा चोरी कर ली गई। वह मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। वहीं दूसरी घटना गुदरी बाजार से बाइक चोरी की है। ग्राम कोरिया निवासी शिवलाल का बेटा 1 दिसंबर को अंबिकापुर आया था। वह बाइक क्रमांक सीजी 15सीजेड 4328 को गुदरी बाजार में खड़ा कर सब्जी खरीद रहा था। तभी अज्ञात चोर ने उसकी बाइक पार कर दी। शिवलाल ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस दोनों मामले में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# नगर निगम का अधिकारी बताकर ट्रक मालिक से वसूली,रिपोर्ट दर्ज

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 13 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।

खुद को नगर निगम का अधिकारी बताकर टैक्स के रूप में रुपये की अवैध वसूली करने के मामले में पुलिस ने दर्रीपारा निवासी एक व्यक्ति के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक बलरामपुर जिला के शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम लोधी निवासी प्रमोद गुप्ता पिता चितरंजन प्रसाद गुप्ता 32 वर्ष ने कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वह अपना स्वयं का ट्रक संचालन और व्यापार करता है। बीते 26 अक्टूबर को भोर में करीब 4 बजे वह अपने ड्रायवर श्रीनाथ कोरवा के साथ सामान लेकर अंबिकापुर आया था और रात हो जाने के कारण बस स्टैंड के पास रिंग रोड में गाड़ी को किनारे खड़ा कर के गाड़ी में ही सोया था। भोर में करीब 4 बजे एक व्यक्ति आया और अपने आप को नगर निगम का अधिकारी बताकर बोला कि यहां गाड़ी खड़ा करके सो रहे हो, जिसका टैक्स 500 रुपये देना पड़ेगा। जब उन्होंने कहा कि इससे पहले भी कई बार वे ट्रक लगाकर सोए हैं लेकिन कोई पैसा नहीं मांगा है। इतना सुनने के बाद उक्त व्यक्ति विवाद करने लगा तो वे बला टालने के लिए उसे 100 रुपये दिए, इसके बाद वह चला गया। लगभग आधे घण्टे के बाद वह पुनः आया और फिर पैसे की मांग करने लगा। जब उन्होंने कहा कि उनके पास पैसे नहीं हैं तो विवाद करके पुन- वहां से चला गया। कुछ देर बाद ट्रक से मोबाइल फोन गायब देखकर इनके होश उड़ गए। ऐसे में संदेह जाहिर किया गया है कि कथित नगर निगम का अधिकारी बताकर रुपये की वसूली करने वाले ने ही मोबाइल फोन चोरी किया है। प्रमोद गुप्ता ने पुलिस को बताया है कि 27 अक्टूबर को उनका ड्रायवर जान-बूझकर उसी जगह में ट्रक खड़ा करके रात में सोया था। वह व्यक्ति पुनः अलसुबह 4 बजे आया और पैसे की मांग करने लगा। इसके बाद ड्रायवर नीचे उतरकर उसे 100 रुपये दिया और मोबाइल के संबंध में पूछताछ किया तो वह भागने लगा। इसे ट्रक चालक पकड़ा तो वह व्यक्ति अपना नाम लालमन कुशवाहा निवासी दर्रीपारा बताया। ट्रक स्वामी की ओर से दी गई लिखित शिकायत पर पुलिस ने अवैध वसूली में लगे व्यक्ति के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है।

# कलेक्टर श्री भोसकर ने किया धान खरीदी केंद्रों एवं संग्रहण केंद्र का निरीक्षण

» धान खरीदी केंद्रों से धान के उठाव में तेजी लाने का दिया निर्देश

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 13 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने शुक्रवार को जिले के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिखलाडीह संग्रहण केंद्र का जायजा लिया और धान के परिवहन एवं भंडारण की स्थिति देखी। उन्होंने धान खरीदी केंद्रों से धान के उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन खरीदी केंद्रों में बफर लिमिट तक खरीदी पहुंचने वाली है, उन्हें चिन्हांकित कर प्राथमिकता से पहले वहां से धान उठाव का कार्य करें जिससे धान के जाम होने जैसी स्थिति ना बनें और उसके पहले ही निराकरण कर लिया जाए। उन्होंने इस दौरान संग्रहण केंद्र की भूमि पर अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम अंबिकापुर को टीम के साथ अतिक्रमण हटाए जाने के निर्देश दिए।







इसके बाद कलेक्टर श्री भोसकर ने बटवाही और बतौली के बिलासपुर और सेदम धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से धान खरीदी केंद्र में मिल रही सुविधाओं और सहयोग पर फीडबैक लिया। किसानों ने समस्त व्यवस्थाओं पर संतुष्टि जताई। कलेक्टर ने इस दौरान माइक्रो एटीएम की कार्य प्रणाली की जानकारी ली और अपने सामने किसान के द्वारा माइक्रो एटीएम से राशि निकालने की प्रक्रिया को देखा। उन्होंने धान खरीदी केंद्रों में काम कर रहे हम्मालों से भी बात की और पारिश्रमिक भुगतान पर जानकारी ली। उन धान खरीदी केंद्रों के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि धान खरीदी में किसी तरह की लापरवाही ना हो, ना ही किसानों को किसी तरह की असुविधा हो। उन्होंने डीएमओ को निर्देशित किया कि धान खरीदी केंद्रों में बफर लिमिट तक खरीदी पहुंचने से पूर्व ही प्राथमिकता से उठाव की व्यवस्था बनाए जिससे खरीदी प्रभावित ना हो।

CMYK

# सीरिया में विद्रोहियों ने 44 साल बाद बदला झंडा,दिल्ली के दूतावास पर भी लहराया

**नई दिल्ली,13 दिसम्बर 2024।** सीरिया में बशर अल-असद के शासन के अंत के साथ ही उस देश का झंडा भी बदल गया। विद्रोहियों ने सीरिया का 44 साल पुराना झंडा बदल दिया।

सीरिया में हर तरफ हरा-सफेद-काला और तीन लाल सितारे रंग वाले झंडे लहराए जा रहे हैं। असद शासन में यह झंडा विद्रोहियों का प्रतीक हुआ करता था, जो आज के समय सीरिया का राष्ट्रीय ध्वज बन चुका है।



### कैसा है विद्रोहियों का झंडा ?

पुराने और नए झंडे में ज्यादा अंतर नहीं है। विद्रोहियों के झंडे में भी चार रंग हैं। झंडे में हरे, सफेद और काले रंग की पट्टियां दी गई हैं, वहीं, सफेद पट्टी में 2 हरे सितारों की जगह तीन लाल सितारे नजर आ रहे हैं। दुनिया में मौजूद सीरिया के दूतावास में भी नए झंडे का इस्तेमाल किया जा रहा है।

दिल्ली में स्थित सीरिया के दूतावास ने भी अपना पुराना झंडा निकालकर अब विद्रोहियों का झंडा लगा दिया है। दूतावास के इस कदम से पता चलता है कि भारत में सीरिया के राजनयिकों ने विद्रोही गुट की सरकार को मान्यता दे दी है। इससे पहले सऊदी में मौजूद सीरिया दूतावास में भी नए झंडे को लगाया गया। बर्लिन, इस्तांबुल और एथेंस जैसे शहरों में भी विद्रोहियों का झंडा लहराया जा रहा है।

### विद्रोहियों के झंडे से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण बात

हरा रंगः- आशा और आजादी को दर्शाता है।

सफेद रंगः- शांति और अच्छे भविष्य को दर्शाता है।

काला रंगः- सीरिया के लोगों ने जो मुश्किलों का सामना किया उसे दर्शाता है।

तीन लाल सितारेः- सीरिया क्रांति के बारे में दर्शाता है।

### साल 2011 से सीरिया में चल रहा था संघर्ष

सीरिया में 2011 में विद्रोह शुरू हुआ था, जब असद सरकार ने लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनों को क्रुरता से दबा दिया था। यह संघर्ष धीरे-धीरे गृहयुद्ध में बदल गया, जिसमें असद सरकार के खिलाफ कई विद्रोही गुट एकजुट हो गए। आखिरकार, 13 साल के इस संघर्ष ने असद शासन को झुका दिया। विद्रोही गुटों ने दमिश्क पर कब्जा कर न केवल असद सरकार को उखाड़ फेंका, बल्कि सीरियाई जनता को एक नई शुरुआत का मौका दिया है। जब विद्रोहियों ने सीरिया पर कब्जा किया तो बशर अल-असद अपने काफिले के साथ रूस भाग गए। राष्ट्रपति पुतिन ने उन्हें और उनके परिवार को शरण दी है।

# टीचर की हैवानियत! छात्र की मां पर की आपत्तिजनक टिप्पणी,विरोध किया तो कॉलर से उठाकर पटका



**नई दिल्ली,13 दिसम्बर 2024।** अमेरिका के जॉर्जिया प्रांत में एक टीचर ने छठवीं में पढ़ने वाले छात्र को कॉलर से उठाकर पटक दिया। घटना का वीडियो सामने आते ही बवाल मच गया।

विवाद बढ़ा, तो टीचर ने स्कूल से इस्तीफा दे दिया। हालांकि छात्र की मां इससे संतुष्ट नहीं है। उनका कहना है कि ऐसे टीचर की जगह जेल में होनी चाहिए। इस मामले में अभी तक कोई केस नहीं दर्ज कराया गया है।

### टीचर ने की थी आपत्तिजनक टिप्पणी

आरोप है कि जॉर्जिया के डी-रेने मिडिल स्कूल में पदस्थ फुटबॉल कोच ने 11 साल के एक छात्र की मां पर कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस पर छात्र ने आपत्ति जताई, तो टीचर उससे भिड़ गया।

दोनों में कुछ देर तक बहस होती रही। इसके बाद टीचर ने छात्र को भरी क्लास में कॉलर पकड़कर उठाया और उसे जमीन पर पटक दिया। क्लास में ही मौजूद किसी छात्र ने इसका वीडियो बना लिया, जो अब वायरल हो रहा है।

### 6 दिसंबर की है घटना

यह घटना 6 दिसंबर की बताई जा रही है। छात्र की मां ने कहा,मैंने कभी अपने बेटे के साथ ऐसा व्यवहार नहीं किया। उसके पिता ने भी कभी ऐसा नहीं किया। उस टीचर ने मेरे बच्चे को चोट पहुंचाई है। उसकी जगह जेल में होनी चाहिए।

सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को लेकर दो वर्गों में राय बंटी हुई है। कुछ लोग इस घटना का निंदनीय बता रहे हैं और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि आज कल के छात्र टीचर की इज्जत नहीं करते।

# इमरान के समर्थन में हिंसा करने वालों को सजा सुना सकेंगी सैन्य अदालतें, सुप्रीम कोर्ट ने लगाईं शर्तें

**इस्लामाबाद,13 दिसम्बर 2024।** पाकिस्तान में नौ मई 2023 को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थन में हिंसा करने वाले 85 लोगों के खिलाफ आरक्षित फैसलों को सैन्य अदालतें सुना सकेंगीं। पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सैन्य अदालतों को इसकी सशर्त अनुमति दी। न्यायमूर्ति अमीनुद्दीन खान की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय पीठ ने पिछले साल के पांच सदस्यीय पीठ के फैसले के खिलाफ अंतर न्यायालयी अपील पर सुनवाई की। पांच सदस्यीय पीठ ने अपने फैसले में इन नागरिकों के मुकदमे सैन्य अदालतों की बजाय आपराधिक अदालतों में चलाने के लिए कहा था।



शुक्रवार को सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति खान ने कहा कि सैन्य अदालतों के फैसले सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के खिलाफ सुनी जा रही अपील पर अंतिम निर्णय के अधीन होंगे। अदालत ने फैसला सुनाया कि जिन संदिग्धों को उनकी सजा में रियायत दी जा सकती है, उन्हें रिहा किया जाना चाहिए। लेकिन जिन संदिग्धों को रिहा नहीं किया जा सकता, उन्हें उनकी सजा सुनाने के बाद जेल में भेज दिया जाए।

दरअसल, नौ मई 2023 को पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के खिलाफ को विरोध प्रदर्शन हुए थे। इसमें सेना के प्रतिष्ठानों पर हमले किए गए थे। हमले सेना की संपत्ति पर हुए थे, इसलिए 100 से ज्यादा संदिग्धों के मामलों को सैन्य अधिकारियों को सौंप दिया गया था।

23 अक्तूबर 2023 को इन्ही मामलों को लेकर न्यायमूर्ति इजाजुल अहसन की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय सर्वोच्च न्यायालय की पीठ ने सर्वसम्मति से कहा था कि सैन्य अदालतों में नागरिकों पर मुकदमा चलाना संविधान के विरुद्ध है। अभियुक्तों पर सैन्य अदालतों में नहीं बल्कि आपराधिक अदालतों में मुकदमा चलाया जाएगा।

# 200 टन सोना, 1.80 लाख करोड़ रुपये,Syria छोड़ कर रूस भागे,बशर अल-असद के पास है बेशुमार दौलत

**नई दिल्ली,13 दिसम्बर 2024।** सीरिया में इस्लामिक विद्रोहियों के आगे बशर अल-असद को शिकस्त मिली है और उन्हें अपनी सल्तनत ही नहीं,बल्कि अपना देश छोड़ने को भी मजबूर होना पड़ा है। 13 साल से जारी गृहयुद्ध के बाद आखिरकार विद्रोही इस्लामिक समूह हयात तहरीर अल शाम के नेतृत्व में असद सरकार का तख्तापलट हुआ।

सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद के लिए 13 वर्षों के संघर्ष का अंत हुआ जब विद्रोही इस्लामिक समूह हयात तहरीर अल-शाम ने उनकी सरकार को उखाड़ फेंका। इस संघर्ष ने सीरिया को एक नई दिशा दी है और असद के शासन का अंत हुआ है।



### सीरिया से भाग कर रूस पहुंचे असद

युद्ध के बीच ही राष्ट्रपति पद से हटाए गए बशर अल-असद अपने काफिले के साथ निकल गए और अब वे रूस में हैं। देश छोड़ कर भागे भगोड़े असद बेशुमार संपत्ति के मालिक हैं और उनके पास सैकड़ों टन सोना होने के साथ ही अमेरिकी डॉलर और यूरो का भी बड़ा भंडार है।

### अरबों की संपत्ति के मालिक हैं असद

बशर अल-असद के पास करोड़ों डॉलर की संपत्ति का भंडार भरा हुआ है। रिपोर्ट्स के अनुसार उनके पास 200 टन सोना है। इसके अलावा 16 अरब डॉलर और 5 अरब यूरो हैं, जिनकी रुपए में कीमत करीब 1.80 लाख करोड़ है। अगर हम इस धनराशि की सीरिया के 7 साल के बजट से तुलना करें तो असद की संपत्ति देश के कुल बजट के बराबर थी। इसके साथ ही असद के पास आलीशान घर, लक्जरी गाड़ियां और बाकी संपत्ति भी थी।

2011 में हुआ था सीरिया में विद्रोह सीरिया में 2011 में विद्रोह शुरू हुआ था, जब असद सरकार ने लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनों को क्रुरता से दबा दिया था। यह संघर्ष धीरे-धीरे गृहयुद्ध में बदल गया, जिसमें असद सरकार के खिलाफ कई विद्रोही गुट एकजुट हो गए। आखिरकार, 13 साल के इस संघर्ष ने असद शासन को झुका दिया। विद्रोही गुटों ने दमिश्क पर कब्जा कर न केवल असद सरकार को उखाड़ फेंका, बल्कि सीरियाई जनता को एक नई शुरुआत का मौका दिया है।

### मॉस्को के रियल एस्टेट में भी लगा है असद का पैसा ?

इजरायली वेबसाइट वायनेट की रिपोर्ट का दावा है कि असद परिवार की रूस में करीब दो अरब डॉलर की संपत्ति है। असद के मॉस्को में कई लग्जरी अपार्टमेंट भी हैं। ऐसे में सीरियाई राजनेता असद की दमिश्क के महलों की आलीशान जीवनशैली निर्वासन में भी जारी रह सकती है।

रिपोर्ट के मुताबिक, असद और उनकी पत्नी की दो अरब डॉलर की संपत्ति अलग-अलग बैंक खातों, फर्जी कंपनियों और रियल एस्टेट में लगी होने का अनुमान है। असद के परिवार के पास मॉस्को में कम से कम 20 अपार्टमेंट हैं, जिनकी कीमत 40 मिलियन डॉलर है। ये सभी अपार्टमेंट पॉश इलाकों में हैं। ऐसे में असद इनमें से किसी अपार्टमेंट में या पुतिन की ओर से मिली किसी सुरक्षित जगह में भी रह सकते हैं।

### सीरिया में असद के पिता का 29 साल तक शासन

बशर अल-असद का जन्म सीरिया की राजधानी दमिश्क में हाफिज अल-असद और अनीसा मखलूफ के घर हुआ था। हाफिज 29 साल तक सीरिया के राष्ट्रपति रहे। उनकी 5 संतानों में बशर तीसरे नंबर के थे। बशर शुरू में सेना और राजनीति से दूर रहकर मेडिकल क्षेत्र में करियर बनाना चाहते थे। दमिश्क यूनिवर्सिटी से स्नातक करने के बाद नेत्र चिकित्सा में विशेषज्ञता के लिए 1992 में वे लंदन चले गए।

### असद ने लगा दी थी मीडिया और इंटरनेट पर बैन

22 सितंबर 2001 में बशर अल असद ने कानून पारित कर के सीरिया के सभी साहित्य पर सेंसरशिप लागू कर दी थी। इसके बाद 2008 से 2011 तक यूट्यूब, फेसबुक जैसी वेबसाइट्स को कई बार ब्लॉक किया गया। 2012 में कमेटी टु प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट ने सीरिया को तीसरा सबसे अधिक सेंसर किया देश बताया था।

# नेशनल हाईवे-43 पर भीषण सड़क हादसा:बैंक अधिकारी की मौत,दो घायल

- संवाददाता -
**अंबिकापुर,13 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।**

अंबिकापुर सूरजपुर जिले के जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम सिलफिली के पास बीती रात तेज रफ्तार सेंट्रो कार पेड़ से टकरा गई। नेशनल हाईवे-43 पर हुए इस हादसे में एक्सिस बैंक सूरजपुर के कस्टमर सर्विस ऑफिसर नारायण सिंह की उपचार के दौरान मौत हो गई, वाहन सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।



जानकारी अनुसार, नारायण सिंह एक्सिस बैंक सूरजपुर में कस्टमर सर्विस ऑफिसर के पद पर पदस्थ थे। वे गुरुवार रात करीब 9:30 बजे सेंट्रो कार क्रमांक CG15 DX 2684 से सूरजपुर से अंबिकापुर लौट रहे थे। कार में उनके साथ बैंक के ऑपरेशन हेड और एक अन्य कर्मी भी सवार थे। सिलफिली बटालियन ऑफिस के पास तेज रफ्तार कार सामने से आ रहे वाहन को साइड देने के दौरान अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई।

### भीषण हादसे में कार के परखच्चे उड़े

टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में तीनों सवारों को गंभीर चोटें आईं। रात में ही स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें अंबिकापुर के संजीवनी अस्पताल में भर्ती कराया।



### इलाज के दौरान बैंक अधिकारी की मौत

अस्पताल में इलाज के दौरान कस्टमर सर्विस ऑफिसर नारायण सिंह की मौत हो गई। डॉक्टरों के अनुसार, उनके सीने में गंभीर चोटें थीं। सुबह तक उनकी स्थिति खतरे से बाहर थी, लेकिन अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने से उनकी मौत हो गई। आशंका है कि सीने की पसली टूटने के कारण हार्ट पंचर हो गया था। नारायण सिंह मूल रूप से विश्रामपुर के निवासी थे और अंबिकापुर में अपनी पत्नी और छोटी बेटी के साथ रहते थे। उनके भाई डॉ. प्रशांत सिंह कोरिया जिले के सीएमएचओ हैं।



### अन्य घायल खतरे से बाहर

कार में सवार दो अन्य व्यक्तियों को भी गंभीर चोटें आई हैं। एक का पैर टूट गया है और दूसरे को हाथ व पैर में चोटें हैं।

दोनों का इलाज अस्पताल में जारी है और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# धोखधड़ी कर दंपति के खाते से निकाल लिए 3.64 लाख रुपए

- संवाददाता -
**अंबिकापुर, 13 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।**

लोन पास करवाने में सहयोग करने के बाद धोखाधड़ी करते हुए दंपती के बैंक खाते से 3 लाख 64 हजार रुपये निकालने की रिपोर्ट पर बतौली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

बतौली थाना क्षेत्र के ग्राम सिलमा निवासी कृषक हेमंत कुमार पैकरा 34 वर्ष ने पुलिस को बताया है कि एचडीएफसी बैंक अंबिकापुर में वर्ष 2023 में गांव के ही लालचंद प्रजापति की मदद से उसके पिता होस राम पैकरा एवं मां धनेश्वरी के नाम से सामूहिक खाता खुला था, जिसमें लोन में प्राप्त 4 लाख 64 हजार रुपये जमा था। इसमें से 99 हजार 500 रुपये उन्होंने निकाला था। शेष रकम खाते में ही जमा था। 6 जून 2023 को उसके माता-पिता अंबिकापुर स्थित एचडीएफसी बैंक जाकर 49 हजार 500 रुपये और 17 अगस्त 2023 को कपंनी बाजार के पास स्थित बैंक में जाकर 50 हजार रुपये निकाले, दोनों बार लालचंद प्रजापति साथ में था। नवंबर 2024 में एचडीएफसी बैंक वालों ने कहा कि उन्हें लोन का पैसा ब्याज सहित करीब 6 लाख रुपये पटाना है, खाते में पैसा नहीं है। इस पर होस साय के पुत्र ने बताया कि उनके द्वारा सिर्फ एक लाख रुपये ही निकाला गया है, बाकी रकम खाते में जमा है। बैंक वालों ने बताया कि उनके खाते से लालचंद प्रतापति के खाता में रुपये ट्रांसफर हुआ है और बार-बार पैसा निकाला गया है। इसके बाद उन्हें लालचंद प्रजापति पर संदेह हुआ, जो घर में आकर कई बार कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराता था और एक बार ओटीपी भी लिया था। बहरहाल पुलिस ने 3 लाख 64 हजार रुपये की धोखाधड़ी के मामले में हेमन्त कुमार पैकरा की रिपोर्ट पर लालचंद के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है।

# विधानसभा सत्र के दौरान अवकाश प्रतिबंधित

- संवाददाता -
**अंबिकापुर, 13 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।**

छत्तीसगढ़ के षष्ठम् विधानसभा का चतुर्थ सत्र 16 दिसम्बर से 20 दिसम्बर 2024 तक आहूत किया गया है। 13 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक विधानसभा के दौरान जिले में पदस्थ समस्त शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया गया है। विधानसभा सत्रावधि के दौरान समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यालय या मुख्यालय में रहना रहेंगे। अति आवश्यक कार्य या अपरिहार्य कारणों से अवकाश पर जाने अथवा मुख्यालय छोड़ने की स्थिति में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के अवकाश की स्वीकृति संबंधित विभाग के कार्यालय प्रमुख द्वारा एवं जिला स्तर के अधिकारी के अवकाश हेतु कलेक्टर सरगुजा से लिखित अनुमति प्राप्त करने के पश्चात ही अवकाश पर प्रस्थान कर सकेंगे।

# शौर्य और बलिदान के प्रतीक शहीद वीरनारायण सिंह:इन्दर भगत

### » जनजाति गौरव युवा समाज ने मनाया शहीद वीरनारायण सिंह का बलिदान दिवस

- संवाददाता -
**अंबिकापुर,13 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।**

जनजाति गौरव युवा समाज, अंबिकापुर द्वारा शहीद वीरनारायण सिंह का बलिदान दिवस नमनाकला स्थित वनवासी कल्याण आश्रम में मनाया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता जनजाति गौरव युवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष इन्दर भगत ने उनके बलिदान दिवस पर कहा कि शहीद वीरनारायण सिंह छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत, महान योद्धा हैं, उन्हें छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद का गौरव प्राप्त है, ऐसे महान क्रांति कारी का बलिदान समर्पण और देशभक्ति की शिक्षा प्रदान करता है। गुलामी के काल में 1856 में पड़े भीषण अकाल में 500 से अधिक लोगों को जोड़कर एक टुकड़ी तैयार करके भूखग्रस्त जनता को मुक्ति दिलाने के लिए दमनकारी अंग्रेजी साम्राज्य के खिलाफ क्रांति का बिगुल फूंका। देश की स्वाधीनता के लिए लगातार अंग्रेजों से संघर्ष करते रहे। अंग्रेजों ने गिरफ्तार करके 10 दिसंबर 1857 को रायपुर स्थित जयस्तंभ चौक में फांसी दे दी। उनका बलिदान छत्तीसगढ़ में देशभक्ति की भावना को जागृत करता है, उन्होंने आगे कहा कि यह जनजाति समाज के लिए गौरव का विषय है कि शहीद वीर नारायण सिंह जनजाति समाज से थे और जनजाति समाज का स्वाधीनता संग्राम में योगदान का यह श्रेष्ठ उदाहरण है। जन जाति समाज ने सदैव से अंग्रेजों के खिलाफ जहां भी रहे, हर स्थान पर संघर्ष किया है। जब तक देश स्वाधीन नहीं हुआ तब तक अंग्रेजों के खिलाफ जनजाति समाज का संघर्ष सतत रूप से चलता रहा। जनजाति समाज इस देश का प्रहरी, रक्षक और प्राण है। कार्यक्रम में उपस्थित जनजातीय समाज के युवाओं ने शहीद वीरनारायण सिंह के छायाचित्र में पुष्पांजलि अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित किया।



कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा समाज सरगुजा जिला अध्यक्ष पावन पूर्णाहुति भगत, सोनिया मुंडा, दुर्गावती नागवंशी, रिंटू, डॉक्टर पुष्पेंद्र, बलवंत साय, आरती मुंडा, अनीता एक्का, मानमती, विकास, रुपेश, अशोक सिंह, अभय कुमार सिंह, सुनील कुमार, अभिषेक, नरेंद्र पैकरा, गुरु घासीदास ,अचिन पैकरा, प्रदीप सिंह, लक्ष्मीनारायण, प्रेम प्रकाश, कामेश्वर सिंह, मयंक एक्का, गुलशन सिंह, रुद्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पटना नगर पंचायत के मनोनीत अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित पार्षदों ने नहीं ग्रहण किया शपथ

- » शपथ ग्रहण समारोह में अतिथि सहित अधिकारी रहे उपस्थित,शपथ लेने वाले रहे नदारद
- » भाजपाई होने के बाद भी कई मनोनीत पार्षद नहीं पहुंचे शपथ ग्रहण समारोह में...
- » क्या भाजपाई मनोनीत पार्षदों ने अपनी ही पार्टी के निर्णय को किया मानने से इंकार?
- » क्या भाजपाई मनोनीत पार्षदों पर भाजपा अब करेगी कार्यवाही, क्या उन्हें जारी होगा नोटिस?
- » क्या ऐसे भाजपाई मनोनीत पार्षदों की भविष्य में चुनाव में भी दावेदारी होगी खारिज?
- » एक मनोनीत पार्षद हैं खुद अध्यक्ष पद के दावेदार,क्या उनकी भी दावेदारी हुई समाप्त?
- » सरपंच सहित उपसरपंच का नहीं है भाजपा से कोई जुड़ाव,मनोनीत पार्षद ही हैं भाजपा के सदस्य







- रवि सिंह-
बैकुंठपुर/पटना,13 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।

नए-नए बनाए गए नगर पंचायत पटना में दिनांक 13 दिसंबर को मनोनीत अध्यक्ष,मनोनीत उपाध्यक्ष, सहित मनोनीत पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया था जहां शपथ ग्रहण के लिए वही लोग नहीं पहुंचे जिन्हें शासन से मनोनीत किया गया था। अतिथि और अधिकारी तो पहुंचे नगर पंचायत की मनोनीत अध्यक्ष, मनोनीत उपाध्यक्ष,मनोनीत पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में लेकिन खुद वह लोग नहीं पहुंचे जिन्हें शपथ ग्रहण करना था जिन्हे प्रथम कार्यभार अध्यक्ष, उपाध्यक्ष,पार्षद का प्राप्त करना था आगे कार्य दायित्व निर्वहन करना था। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि नगर पंचायत के गठन का विरोध हो रहा है और यह विरोध सरपंच का है और सरपंच के ही विरोध को सभी ने सहमति प्रदान की है और शपथ ग्रहण का बहिष्कार किया है ऐसा बताया जा रहा है।वैसे बताया यह भी जा रहा है कि शपथ ग्रहण का बहिष्कार करने में भाजपा के वह नेता भी पीछे नहीं थे जिन्हें पार्षद मनोनीत किया गया है।

## क्या मनोनीत पार्षद एक तरह से अपनी ही सरकार के निर्णय का विरोध कर रहे?

भाजपा के नेता जिन्हें पार्षद मनोनीत किया गया है उनकी तरफ से शपथ ग्रहण का बहिष्कार किया जाना भी बड़ी बात मानी जा रही है क्योंकि वह खुद भाजपा के सदस्य हैं और पटना को नगर पंचायत बनाए जाने का निर्णय भी सरकार का है जो भाजपा की है सरकार है वहीं सरकार ने ही उन्हें पार्षद मनोनीत किया है। अब ऐसे में मनोनीत पार्षद एक तरह से अपनी ही सरकार के निर्णय का विरोध कर रहे हैं। वैसे माना जा रहा है कि यदि कांग्रेस की सरकार के कार्यकाल में ही यह गठन हुआ होता नगर पंचायत का यह विरोध नहीं होता बशर्ते इसका स्वागत होता और अब जारी विरोध श्रेय की राजनीति है।वैसे अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या उन मनोनीत पार्षदों को भाजपा पार्टी की सरकार के जारी आदेश की जो मनोनयन का आदेश है कि अवहेलना के लिए दंडित करती है और उन्हें आगमी चुनाव में पार्टी से दावेदारी के लिए मना करती है उनकी दावेदारी खारिज करती है। वैसे इन मनोनीत पार्षदों में से एक ऐसे भी हैं जिन्हें लड़ना अध्यक्ष का चुनाव है लेकिन वह अपनी ही पार्टी की सरकार के निर्णय के विरोध में खड़े नजर आ रहे हैं। क्या ऐसे लोगों को पार्टी अवसर देगी यह बड़ा प्रश्न है। वैसे शपथ ग्रहण समारोह का विरोध होगा कार्यक्रम का बहिष्कार होगा यह तय था क्योंकि ऐसा नगर पंचायत के गठन उपरांत ही नजर आ रहा था वहीं ऐसी संभावनाओं के बावजूद नगर पंचायत सीएमओ के द्वारा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन कराना कहां तक उचित था कहां तक जायज था।

## घटती-घटना का खबर पर नजर

### सरपंच पति नगर पंचायत के बनने के रहे विरोध में कही इसलिए तो सरपंच ने नहीं लिया शपथ?

शपथ ग्रहण समारोह में सरपंच के साथ मनोनीत हुए पार्षद की अनुपस्थित से लोगो में यह चर्चा का विषय है कि सरपंच पति नगर पंचायत के विरोध में अपना आपत्ति दर्ज किए है कही इसलिए तो सरपंच ने नवीन नगर पंचायत का पहला अध्यक्ष पद का पदभार नहीं संभाला? सरपंच के इस तरह गैर जिम्मेदारी से उपस्थित अतिथियों का घोर अपमान हुआ।

### ग्राम पंचायत के रहते-रहते पंचायत निधि का पैसों का हो सकता है बंदरबांट

क्या पंचायत के पैसे को नहीं खर्च कर पाए इसलिए वह अध्यक्ष पद की शपथ नहीं ले रहे हैं, वह सरपंच रहते ही उसे पैसे को खर्च कर सकते हैं इसीलिए वह सरपंच बनकर ही उस पैसे को विकास कार्यों में खर्च करना चाह रहे हैं क्या इसी वजह से विरोध अध्यक्ष पद के शपथ ग्रहण को लेकर दिख रहा है?

### अतिथि करते रहे नगर पंचायत अध्यक्ष का इंतजार,नहीं पहुंची मनोनीत अध्यक्ष के साथ पार्षद,अतिथियों का हुआ अपमान

जब मनोनीत अध्यक्ष व पार्षद शपथ लेने को तैयार नहीं थे तो फिर नगर पंचायत अधिकारी ने क्यों कार्यक्रम आयोजित कर अतिथियों को बुलाया? और उन्हें अपमानित किया यह भी अब सवाल उठने लगा है, वैसे भी पंचायत का कार्यकाल अब खत्म होने की कगार पर है फिर भी खत्म होते कार्यकाल के बीच तनातनी आज भी जारी है अब न जाने ऐसा क्या अंदर खाने में हो रहा है की मनोनीत अध्यक्ष पार्षद अपने ही राग अलापने में लगे हुए हैं, कभी भी उम्मीद है कि नगर पंचायत निरस्त हो जाएगा या फिर सपना मिथक रहेगा?आदिम जाति सहकारी समिति के साथ तहसीलदार ने दीप प्रज्वलित किया तो सीएमओ ने आए अतिथियों को स्वल्पाहार करा कर किया विदा।

### सरपंच गायत्री सिंह ने किया सबको निराश...नहीं स्वीकारना था अध्यक्ष पद तो करना विरोध

जब उन्हें मनोनीत अध्यक्ष होना पसंद नहीं था तब उन्होंने क्यों नहीं इसका विरोध किया? क्यों नहीं मनोनीत अध्यक्ष पद को आस्वीकार करते हुए सरकार को पत्र लिखकर अध्यक्ष पद ना स्वीकार होने की बात कही।

### सिकंदर सिदार,पटना नगर पंचायत सीएमओ

इस पूरे मामले में सीएमओ ने बताया कि 13 दिसंबर को मनोनीत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के साथ पार्षदों का शपथ ग्रहण होना था चुकी किसी कारणवस समारोह में उनकी उपस्थिति नहीं हुई जिस कारण इसे निरस्त किया जाता है। आगे की कार्यवाही उच्चाधिकारियों के परामर्श पश्चात पुनः आयोजित किया जाएगा।

## छत्तीसगढ़ सरकार के 01 वर्ष पूर्ण होने पर जनसंपर्क विभाग द्वारा किया गया प्रदर्शनी का आयोजन




-संवाददाता-
सूरजपुर,13 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)।

13 दिसंबर 2024/ छत्तीसगढ़ सरकार के 01 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय सूरजपुर परिसर में जनसंपर्क विभाग द्वारा फोटो प्रदर्शनी का आयोजन 13 एवं 14 दिसंबर को किया गया है। इस प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विष्णु के सुशासन अंतर्गत जिले एवं राज्य में किए गए विकास कार्यों की झलकियां देखी जा सकती है।


**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा,छ0ग0**

रा0प्र0क्र0202204020700201/ अ-6-अ/2021-22

प्रस्तावित नक्शा का अंतिम ईश्तहार प्रकाशन

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा0प्र0क्र0 202204020700201/अ-6-अ/2021-22 रामभगत वगैरह प्रति मोहरलाल वगैरह, में ग्राम लक्ष्मीपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 20/1, 278/1, 776/3,661/2 रकबा क्रमशः 0.117, 0.370, 0.125,0.093 हे0 भूमि का नक्शा बटांकन कर राजस्व निरीक्षक के माध्यम से मंगाया गया। जिसका अंतिम प्रकाशन कराया जा रहा है। अतः उक्त नक्शा बटांकन में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोईआपत्ति हो तो पेशी दिनांक 17/01/2025 को इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं कियाजायेगा।

आज दिनांक 15/12/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार रामानुजगंज

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) /भैयाथान,जिला सूरजपुर, (छ0ग0)**

रा.प्र.क./अ-2/2024-25

ईश्तहार

एतद्द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम पंचायत जन ग्राम-नवगई को सूचित किया जाता है कि श्री रामपाल जायसवाल पिता/पति श्री रामसजिवन जायसवाल निवासी ग्राम नवगई के द्वारा अपने स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नं0 393 रकबा 0.25 मे से 0.13 हे0 जो ग्राम प0ह0नं0 02 रा0नि0मं0 बिहारपुर तहसील बिहारपुर जिला सूरजपुर में स्थित है के आवासीय भू-परिवर्तन (डायवर्सन) हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में ग्राम पंचायत नवगई के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से प्रकरण में नियत दिनांक 12/01/2025 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकता है नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया है।

सील — अनुविभागीय अधिकारी(रा.) भैयाथान,जिला-सूरजपुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) /सक्षम प्राधिकारी,सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

रा.प्र.क./अ-2/2023-24

ईश्तहार

एतद्द्वारा आम ग्रामीण जन ग्रामीण जन ग्राम-झासी को सूचित किया जाता है कि आवेदक ललन राम आ0 नानसाय , जाति रजवार, निवासी ग्राम झासी,तहसील सूरजपुर, जिला सूरजपुर, छ0ग0 द्वारा उनके स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम झासी,प0ह0नं0 01, रा0नि0मं0 बसदेई,तहसील सूरजपुर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 1331/11 रकबा 0.100 हे0 मे से रकबा 0.04 हे0 कृषि भूमि को व्यवसायिक दुकान प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 19/12/2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 04/12/2024 न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — विशेष कर्त्तव्याधिकारी भूमि व्यपवर्तन,सूरजपुर

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202412020700025**

विषयः-अ-27 मामले की श्रेणीः- राजस्व सन्ः-2024-25

अम्बिकापुर प.ह.नं.00015(1924/2 (0.267 हे0)

पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-बैजनाथ कुशवाहा,
अनावेदक पक्षकार-प्रमिला

ईश्तहार

आवेदक बैजनाथ कुशवाहा आ0स्व0 सत्यनारायण कुशवाहा निवासी ग्राम सिधमा तहसील राजपुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 1924/2 रकबा 0.267 हे0 भूमि मे से प्रत्येक अनावेदक को रकबा 0.040 हे0 भूमि अपने जीवनकाल में बटवारा किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 07/01/2025 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/12/2024 को जारी किया जाता हैं।

सील — तहसीलदार अंबिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202412020700030**

विषयः-अ-6 मामले की श्रेणीः- राजस्व सन्ः-2024-25

बकमेर प.ह.नं.00032

पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-दिलसाय,
अनावेदक पक्षकार-लंगरा,खोरा, केंदु, नंदेश्वर,रनसाय,सुंनी,जगेश्वर,

ईश्तहार

आवेदक दिलसाय आ0 केन्दाराम निवासी ग्राम मुकुन्दपुर तहसील लखनपुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम बकमेर स्थित कुल खसरा नंबर 13 कुल रकबा 2.614 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों में वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 07/01/2025 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/12/2024 को जारी किया जाता हैं।

सील — तहसीलदार अंबिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर जिला सूरजपुर,छ0ग0**

क्र. 756 राजस्व प्रकरण क्र./ब 121 /2024/ 10.12.2024

ईश्तहार

आवेदिका का नाम नान साय आ0 सोमार साय जाति अगरिया निवासी ग्राम केतका प0ह0नं0 तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर छ0ग0 ने अपने पुत्री अनिता आ0 नान साय मृत्यु/जन्म दिनांक 02/12/2022 का मृत्यु/जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोईआपत्ति हो तो दिनांक 19/12/2024 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में अपना स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। तदनुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

यह ईश्तहार मरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/12/2024 को जारी किया जाता है

सील — तहसीलदार सूरजपुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा**

रा.प्र.क्र./अ-6/2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण सैयद इकराम हुसैन पिता सैयद असिमुद्दीन, निवासी महाराजा गली अम्बिकापुर वगैरह के द्वारा नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भूमि शीट नं, 03, मोहल्ला-महाराजा गली, खसरा नं0 1154/3 रकबा 0.121/4 एकड़ भूमि के नजूल अभिलेख से भूधारक सैययद आशिया खातुन आ0 सैययद अहमद हुसैन, निवासी अम्बिकापुर का नाम विलोपित कर फौती नामांतरण के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु भूधारक के मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तोअपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 27/12/2024 तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 27/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी ,अंबिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर जिला सूरजपुर,छ0ग0**

क्र. 779 राजस्व प्रकरण क्र./ब 121 /2023-24/ 12.12.2024

ईश्तहार

आवेदिका का नाम फुल साय आ0 बढाई जाति गोड़ निवासी ग्राम सलका प0ह0नं0 थाना-सूरजपुर,तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर छ0ग0 ने अपने दादी,मझियाईन पति सहदेव जन्म/मृत्यु दिनांक 15/10/2019 का जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोईआपत्ति हो तो दिनांक 27/12/2024 दिन शुक्रवार को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में अपना स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। तदनुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

यह ईश्तहार मरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/12/2024 को जारी किया जाता है

सील — तहसीलदार सूरजपुर

**न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर जिला सूरजपुर,छ0ग0**

क्र. 790 राजस्व प्रकरण क्र./ब 121 /2024/ 13.12.2024

ईश्तहार

आवेदक/आवेदिका का नाम मो0 शरीफ आ0 गुलाम हैदर जाति-मुसलमान निवासी ग्राम सूरजपुर प0ह0नं0 तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर छ0ग0 ने अपने बहन जाहिदा खातुन मृत्यु दिनांक 08/12/2012 का मृत्यु/जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोईआपत्ति हो तो दिनांक 20/12/2024 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय मे अपना स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। तद्नुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/12/2024 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार सूरजपुर

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,खण्ड-बलरामपुर(छ.ग.)**

E-mail:eebalrampur-phe-cg@nic.in

निविदा क्रं/25/ ले.शा/ज़जी.मी./का.अ./लो.स्वा.यां.वि./2024,बलरामपुर,दिनांक 10.12.2024

ऑनलाईन द्वितीय निविदा आमंत्रण

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल प्रदाय योजना के विभिन्न कार्यों के लिए (Risk&Cost) प्रतिशत दर पर फार्म ''अ'' में निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है।

| सि.नि.क्रं. | कार्य की अनुमानित लागत (रू.लाख में) |
|---|---|
| 162720 | 280.10 |
| 162721 | 25.64 |
| 162722 | 52.91 |

निविदा एवं कार्य का विस्तृत विवण यथा धरोहर राशि बिड,वैधता की तिथि,कार्य की अवधि निविदाकार की श्रेणी एवं कार्यों तथा स्थल संबंधी जानकारी ऑन लाईन ई-प्रोक्योरमेंट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 16.12.2024 से देखी जा सकती है तथा निविदा दिनांक 06.01.2025 तक बिड डाली जा सकती है। निविदा में आगामी संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किए जावेंगे। अतः निविदाकार ऑनलाईन निविदा प्रक्रिया में सतत् संपर्क में रहें। अन्य विवरण कार्यालयीन समय पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड बलरामपुर में देखे जा सकते हैं।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खण्ड-बलरामपुर (छ.ग.)

जी0नं0 -242504508/2

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक,पीटीएस, मैनपाट, जिला सरगुजा,छ0ग0**

**हाऊसकीपिंग (साफसफाई) कार्य हेतु निविदा/भावपत्र आमंत्रण सूचना**
**(निविदा दिनांक 01/01/2025 से 31/12/2025 तक के लिए)**

निविदा विज्ञप्ति क्र.:पुअ/पीटीएस/मैनपाट/क्यूएम/03/202004 दिनांक 10/12/2024

पीटीएस मैनपाट जिला सरगुजा के प्रशासनिक भवन, गेस्ट हाऊस, एनजीओ हॉस्टल बैरक, नव आरक्षक बैरक, डायनिंग हॉल, पुरूष टॉयलेट-बाथरूम और परिसर अंदर की हाऊसकीपिंग (साफसफाई( कार्य हेतु वार्षिक अनुबंध पर ठेका दिये जाने हेतु दिनांक 24/12/2024 के 15.00 बजे अपरान्ह तक सीलबंद लिफाफे/भवपत्र आमंत्रित किये जाते है। ऐसी इच्छुक संस्था/फर्म जिन्हें किसी शासकीय/अर्धशासकीय/निगमित निकायों/सार्वजनिक उपक्रमों में कार्य करने का कम से कम तीन वर्ष का अनुभव होवे निर्धारित निविदा प्रपत्र,नियम वं शर्ते इस कार्यालय से प्राप्त कर निर्धारित धरोहर राशि के साथ आवेदन कर सकते हैं। निविदा प्रपत्र, आवेदन पत्र के साथ रू0 500.00 (पांच सौ मात्र) का चालान कोषालय में लेखा शीर्ष 0055 पुलिस शीर्ष 800 अन्य प्राप्तियां मद में जमा कर चालान की मूल प्रति पीटीएस मैनपाट कार्यालय में प्रस्तुत कर दिनांक 20/12/2024 के 15:00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किया जा सकता हैं।

01. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 20/12/2004 के 15:00 बजे तक
01. निविदा जामा करने की अंतिम तिथि - 24/12/2004 के 15:00 बजे तक
01. निविदा खोलने की तिथि -26/12/2004 के 12:30 बजे तक

(नोट :- निविदा प्रपत्र विक्रय स्थल - पीटीएस मैनपाट, जिला सरगुजा,छ0ग0

पुलिस अधीक्षक
पीटीएस, मैनपाट
(जिला सरगुजा)

जी0नं0 -242504509/4

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)प्रतापपुर,जिला-सूरजपुर,छ0ग0**

रा0प्र0क्र0 20240326500036/अ-82/2022-23
ग्राम- भरदा, तहसील-प्रतापपुर

ईश्तहार

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग,सूरजपुर
जिला-सूरजपुर,छ0ग0 ....................आवेदक
प्रति
छ0ग0 शासन ....................अनावेदक

ग्राम भरदा तहसील प्रतापपुर में निर्माणाधीन भरदा व्यपवर्तन योजना अन्तर्गत नहर निर्माण हेतु अर्जित की गईभूमि के अधिग्रहण की कार्यवाही भूमि अर्जन, पुर्नवासन और पुर्नव्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार (सामाजिक समाघात सहमति तथा जनसुनवाई नियम 2016 के तहत सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन दल द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को गठित विशेषज्ञ दल द्वारा जांच पश्चात अभिमत अंकित कर मूल्यांकन प्रतिवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। (मूल्यांकन प्रतिवेदन पृथक के संलग्न है।

तदनुसार सामाजिक समाघात निर्धारण हेतु विशेषज्ञ दल द्वारा प्रस्तुत मूल्यांकन प्रतिवेदन ईश्तहार के माध्यम से ग्रम भरदा में प्रकाशित किया जाकर सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि संलग्न प्रतिवेदन में उल्लेखित तथ्यों के संबंध में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 23/12/2024 तक इस कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय का पद मुद्रा से उद्घोषणा जारी किया गया।

जी0नं0 -242504499/1

अनुविभागीय अधिकारी (रा0)
प्रतापपुर जिला-सूरजपुर,छ0ग0

# हदीस नाम का शख्स कौन है जो लोगों को शिकायत से रोक रहा और पैसे दिलाने की गारंटी ले रहा?

**एक नगर सेठ तो गए जेल शिवप्रसादनगर के दूसरे नगर सेठ की कब आएगी बारी?**

**महाठग अशफ़ाक की रिमांड अवधि खत्म,जेल हुए दाखिल...दो अन्य की हुई गिरफ्तारी पुलिस ने उनका लिया चार दिन का रिमांड**

**अशफाक उल्लाह के विरुद्ध 101 शिकायतें सूरजपुर पुलिस को मिली है जिसमें ठगी की रकम लगभग 9 करोड़ बताई जा रही है**



फाईल:फोटो

महा ठग अशफाक उल्लाह

-ओमकार पांडेय-
सूरजपुर,13 दिसम्बर 2024 (घटती-घटना)। जिला सूरजपुर के शिवप्रसादनगर निवासी महाठग अशफ़ाक उल्लाह 11 दिन की रिमांड के बाद 12 दिसंबर को जेल दाखिल हो गए, पुलिस ने अशफ़ाक से ठगी की पूरी जानकारी निकालने के लिए उसका तीन बार रिमांड लिया था, पहली बार 5 दिन का फिर दो बार तीन-तीन दिन का इसके बाद अब पूछताछ के बाद अशफ़ाक को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है, अशफाक उल्लाह के विरुद्ध अभी तक 101 शिकायत पत्र सूरजपुर पुलिस को मिल चुके हैं, जिसमें ठगी की रकम तकरीबन 9 करोड रुपए मानी जा रही है, अशफाक उल्लाह के विरुद्ध 101 लोगों ने लिखित शिकायत की है पर अभी तक इन शिकायतों पर एफआईआर दर्ज नहीं हुई है पर जांच अंदर खाने में हो रही है, अब देखना यह है कि पुलिस किस तरह से इन 101 ठगी के शिकार हुए लोगों को न्याय दिलाता है? वैसे इस मामले में सूरजपुर पुलिस अधीक्षक का साफ कहना है की कार्यवाही होगी और जो भी इसमें दोषी है कोई भी नहीं बचेगा। अशफ़ाक उल्लाह ठगी के मामले में काफी बड़ा गिरोह चला रहा था, पुलिस अशफाक से काफी चीज उगलवा चुकी है और धीरे-धीरे बड़ी कार्रवाई की दिशा में बढ़ रही है अशफाक को जेल भेजने के बाद दो और साथियों को गिरफ्तार किया है और उनसे भी पूछताछ के लिए चार दिन का रिमांड लिया है, वहीं कुछ संदेही इस मामले में फरार हैं जिन्हें पुलिस तलाश रही है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना सूरजपुर के अप. क्रमांक 558/24, 650/24, 651/24 धारा 420, 506,34 आईपीसी, छ.ग. के निपेक्षको के हितों का सरंक्षण अधि. की धारा 10 में आरोपी अशफाक उल्लाह का पुलिस रीमाण्ड समाप्त होने पर न्यायायिक रीमाण्ड पर भेजा गया तथा उक्त अपराध में आरोपी नाजिर हुसैन पिता मुख्तार अंसारी 33 वर्ष तथा वसीम अकरम पिता आजम अंसारी 30 वर्ष दोनो निवासी सोनपुर को 12.12.2024 को गिरफ्तार कर 4 दिन का पुलिस रीमाण्ड लिया गया है, अब पुलिस इससे भी पूछताछ करेगी और कई राज को खुलवाएगी, सूत्रों का ऐसा दावा है कि जिन दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उनसे से कई अहम राज खोल सकते हैं, और भी गिरफ्तारी इसमें हो सकती है ठगी के पैसे के तह तक भी पुलिस पहुंचने का प्रयास कर रही है कि आखिर यह ठगी का पैसा सही में अशफाक ने खर्च कर दिए या फिर कहीं पर गाड़ कर रखा है? दस्तावेज साक्षी से लेकर बैंक ट्रांजैक्शन तक पर पुलिस नजर बनाई हुई है बैंक कर्मियों से भी पूछताछ हो सकती है। अभी तक बीएमडब्ल्यु, क्रेटा, वर्ना कार सहित करीब 1 करोड़ से अधिक की गाड़ियां जब्त किया गया है। आरोपी के खाते और शिकायतों की जांच लगातार जारी है कुछ संदेहियों से भी शुरुआती पूछताछ की गई है जिनके बयानों की सत्यता की जांच की जा रही है ।तस्दीक बाद अन्य लोगों के खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी।




दो अन्य गिरफ्तार आरोपी

### 11 दिन के रिमांड के आई इतनी शिकायत

| दिनांक | शिकायतकर्ताओ की संख्या | रकम |
|---|---|---|
| 30.11.2024 | 15 | 1,06,50,000 |
| 01.12.2024 | 25 | 2,26,70,000 |
| 02.12.2024 | 20 | 1,39,66,000 |
| 03.12.2024 | 9 | 42,57,000 |
| 04.12.2024 | 10 | 69,40,000 |
| 05.12.2024 | 4 | 18,50,000 |
| 06.12.2024 | 3 | 1,20,00,000 |
| 07.12.2024 | 4 | 28,00,000 |
| 08.12.2024 | 1 | 7,00,000 |
| | 91 | 7,58,33,000 |



घटती घटना | अम्बिकापुर, गुरुवार 05 दिसम्बर 2024 | 5

क्या लोगों को ठगकर अशफाक ने कहीं जमीन में गाड़ रखा है पैसा?



घटती घटना | सूरजपुर-कोरबा-सरगुजा-समाचार | अम्बिकापुर, रविवार 08 दिसम्बर 2024 | 6

अशफाक मामले में अब तक की सबसे बड़ी ठगी की आई शिकायत

## सूरजपुर पुलिस की पूछताछ का दायरा बढ़ा...संदेहियों को नोटिस जारी कर बुला रही पुलिस, ठगी का मास्टरमाइंड भले ही अशफाक था पर उसके साथी भी उस ठगी में शामिल थे...

## साथियों की भी गिरफ्तारी कर रही पुलिस... शिवप्रसादनगर के कई दिग्गज नेता भी हैं इसमें शामिल

### अशफाक उल्लाह की डायरी के कुछ पन्ने लगे घटती घटना के हाथ, लेनदेन का जिक्र है पन्नो में

अशफाक उल्लाह की एक गोपनीय डायरी के कुछ पन्ने घटती घटना के हांथ लगे हैं। इन पन्नों में लेनदेन का जिक्र है। यह लेनदेन किनसे हुआ है कितना लेनदेन हुआ है वह इसमें लिखा है। अब इन पन्नों की जानकारी कितनी सही है यह तो कहना मुश्किल है लेकिन पन्नों की जानकारी में भी बहुत कुछ स्पष्ट नहीं लिखा हुआ है।

### अशफाक उल्लाह व उसकी महिला मित्र का था जॉइंट अकाउंट... महिला मित्र को भी खूब ट्रांसफर किया गया है पैसा:सूत्र

असफाक उल्लाह और उसकी महिला मित्र का ज्वाइंट अकाउंट था और उसमें भी खूब सारा पैसा लेनदेन हुआ है यह भी सूत्रों का दावा है। महिला मित्र कौन है और उसके खाते में यदि लेनदेन हुआ है तो यह जांच का विषय है। अब यह देखना है कि क्या इस संदर्भ में जांच होती है या नहीं। महिला मित्र के खाते में कितने पैसे आए कितने गए यह जानना आवश्यक है।

### अशफाक के शागिर्द जो है नगर सेठ वही शिकायतकर्ता को रोक रहे शिकायत करने से, और दे रहे हैं आश्वासन की असफाक छूट कर आएगा तो पैसा मिलेगा

असफाक का शागिर्द जो नगर सेठ है वह लेनदारों को रोक रहा है, और उन्हें आश्वासन दे रहा है कि अशफाक छुटकर आयेगा तो उनका पैसा मिल जाएगा। बताया जा रहा है कि इसलिए लोगों की तरफ से शिकायत कम दर्ज की जा रही है। अब नगर सेठ के आश्वासन में कितना दम है? कितना ठगे गए लोगों विश्वास करना चाहिए? यह तो ठगे गए लोगों का विषय है, लेकिन यदि ऐसा है तो ठगे गए लोग निश्चित ही पैसा नहीं पाने वाले और ठगी की रकम उन्हीं की वापस होगी जिन्होंने शिकायत दर्ज की है यह सूत्रों का कहना है।

### अशफाक के जांच को प्रभावित करने में लगा है शिवप्रसादनगर का एक नगर सेठ

असफाक की जारी जांच को प्रभावित करने में शिवप्रसाद नगर का नगर सेठ लगा हुआ है। बताया जा रहा है कि वह हर दांव पेंच लगा रहा है और हर संपर्क राजनीतिक और पुलिस का वह आजमा रहा है। अशफाक की गिरफ्तारी और उसकी रिहाई तय एक प्लान है और नगर सेठ ही इसका मास्टर माइंड है यह भी बताया जा रहा है।

### यह हदीस नाम का शख्स कौन है जो लोगों को शिकायत से रोक रहा और पैसे दिलाने की गारंटी ले रहा?

हदीस नाम का व्यक्ति ठगी के शिकार लोगों को रोक रहा है उन्हें पैसा वापस मिलेगा यह वह उन्हें समझा रहा है यह कौन है? यह अब जांच दल को पता करना चाहिए। हदीस किसी परिचय का मोहताज नहीं है उसके कारोबार को लेकर कोई भी अनभिज्ञ नहीं है ठगी के मामले में हदीस का नाम पर काफी सुर्खियों में रहा है और अभी भी वह सुर्खियों में है, सूत्रों का कहना है कि हदीस नाम का व्यक्ति अशफाक का रिश्तेदार है और वह ठगी की शिकायत करने वाले को डरा धमका कर रोक रहा है और उन्हें आश्वासन भी दिला रहा है कि पैसे मिल जाएंगे, बस उसे एक बार छूट कर बाहर आने दो, वही ठगी के मामले में हदीस भी अछूता नहीं है इस तक अभी तक पुलिस क्यों नहीं पहुंच पाई यह भी समझ के पार हैं? सूत्रों का यह भी कहना है की हदीस की मदद एक भाजपा का बड़ा नेता कर रहा है जिस वजह से हदीस तक पुलिस नहीं पहुंच पाई है।

### सूरजपुर थाने का कौन सहायक उप निरीक्षक अशफाक के महिला मित्र के संपर्क में?

विशेष सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जांच दल में शामिल सहायक उप निरीक्षक की भूमिका अब अशफ़ाक उल्लाह मामले में संदिग्ध बताई जा रही है, दवा है की सहायक उप निरीक्षक अशफाक के महिला मित्र के संपर्क में है और लगातार उससे बातचीत हो रही है, यह वही महिला मित्र है जो अशफाक के साथ मिलकर शेयर मार्केट का धंधा फैला कर ठगी कर रहे थे, अभी तक इस महिला मित्र तक पुलिस पहुंच नहीं पाई है पर संपर्क में एक पुलिस कर्मी है जो पूरे मामले की जानकारी वहां तक पहुंचा रहा है, कॉल डिटेल्स निकालाजए तो खुल जाएंगे सारे राज।

## खेल की संक्षिप्त खबरें

### कार्ल हॉपकिंसन को मुंबई इंडियंस का नया फील्डिंग कोच नियुक्त किया गया...



**मुंबई, 13 दिसंबर 2024।** पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने शुक्रवार को कहा कि उसने आईपीएल 2025 से पहले कार्ल हॉपकिंसन को अपना नया फील्डिंग कोच नियुक्त किया है।

### जेसन गिलेस्पी ने पाकिस्तान के टेस्ट कोच पद से इस्तीफा दिया



**साउथ अफ्रीका, 13 दिसंबर 2024।** साउथ अफ्रीका के पूर्व खिलाड़ी जेसन गिलेस्पी ने पाकिस्तान की टेस्ट टीम के कोच के रूप में अपनी भूमिका छोड़ दी है जिसके बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पूर्व तेज गेंदबाज आकिब जावेद को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी दो मैचों की सीरीज के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी है।

# टूटेगा सचिन तेंदुलकर का महारिकॉर्ड?

## विराट कोहली ऐसा करते ही रच देंगे नया इतिहास



**गाबा, 13 दिसंबर 2024।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच जारी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के 2 टेस्ट मैचों का नतीजा निकल चुका है और अब दोनों टीमें तीसरे टेस्ट मैच की तैयारी में जुटी हैं जो ब्रिसबेन, गाबा में खेला जाएगा। गाबा में एक समय तक ऑस्ट्रेलिया दबदबा था लेकिन पिछली बार भारत ने यहां मुकाबला जीतकर कंगारू टीम का घमंड चकनाचूर किया था। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच गाबा टेस्ट में जोरदार टक्कर होने की उम्मीद है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारतीय टीम ने शानदार जीत के साथ आगाज किया था लेकिन दूसरे ही मैच में ऑस्ट्रेलिया ने वापसी करते हुए सीरीज 1-1 से बराबर कर दी। अब तीसरे टेस्ट में दोनों टीमों के बीच सीरीज में आगे निकलने की होड़ होगी। गाबा टेस्ट में भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर सभी की निगाहें लगी होंगी जो पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट में सैकड़ा जड़ने में कामयाब रहे लेकिन एडिलेड में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच की दोनों पारियों में बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं कर सके। ऐसे में भारतीय फैंस को कोहली से तीसरे टेस्ट में काफी उम्मीदें होंगी। कोहली अगर तीसरे टेस्ट में सैकड़ा जड़ देते हैं तो वह भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक जड़ने के मामलें में स्टीव स्मिथ को पछाड़ते हुए दूसरे पायदान पर पहुंच जाएंगे। भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया टेस्ट क्रिकेट में फिलहाल 9-9 शतक के साथ स्मिथ और कोहली संयुक्त रुप से दूसरे स्थान पर हैं।

### भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज

सचिन तेंदुलकर- 11
स्टीव स्मिथ-9
विराट कोहली- 9

यही नहीं, कोहली गाबा में शतक ठोकने के साथ ही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में सचिन तेंदुलकर को पछाड़ सबसे ज्यादा शतक जड़ने वाले भारतीय बल्लेबाज बन जाएंगे। सचिन और कोहली के नाम क्ल्ल्ज्ञ में 9-9 शतक दर्ज हैं। हालांकि विराट को भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक जड़ने के मामलें में सचिन तेंदुलकर को पछाड़ने के लिए 3 शतक जड़ने होंगे। सचिन ने वैसे तो टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 शतक लगाए हैं लेकिन उनके 2 शतक बॉर्डर-गावस्कर के आगाज से पहले आए थे। यही वजह है कि सचिन के 11 में से 9 शतक ही बीजीटी में गिने जाते हैं।

### बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में सबसे ज्यादा शतक

विराट कोहली- 9
सचिन तेंदुलकर- 9
स्टीव स्मिथ-8

अगर कोहली गाबा में शतक लगाने में कामयाब रहते हैं, तो वह ऑस्ट्रेलिया के सभी पांच प्रमुख वेन्यू पर टेस्ट शतक जड़ने वाले दुनिया के सिर्फ तीसरे मेहमान खिलाड़ी बन जाएंगे। अब तक केवल सुनील गावस्कर और एलिस्टेयर कुक ही ऐसे मेहमान बल्लेबाज हैं, जिन्होंने सभी पांच प्रमुख ऑस्ट्रेलियाई वेन्यू पर टेस्ट शतक जड़े हैं। कोहली के नाम फिलहाल एडिलेड, पर्थ, सिडनी और मेलबर्न में शतक लगाने का रिकॉर्ड हैं। गाबा एकमात्र प्रमुख वेन्यू है, जहां कोहली टेस्ट की एक पारी में तिहरे अंक तक नहीं पहुंच पाए हैं। विराट कोहली के बराबर सचिन तेंदुलकर ने भी ऑस्ट्रेलिया के चार वेन्यू यानी सिडनी, एडिलेड, मेलबर्न और पर्थ के डब्ल्यूएसीए में शतक जड़े हैं।

### ऑस्ट्रेलिया के सभी पांच प्रमुख वेन्यू पर शतक लगाने वाले बल्लेबाज

सुनील गावस्कर, एडिलेड, गाबा, मेलबर्न, सिडनी और डब्ल्यूएसीए में शतक
एलिस्टेयर कुक. एडिलेड, गाबा, मेलबर्न, सिडनी और डब्ल्यूएसीए में शतक

# हेड गिलक्रिस्ट जैसी शैली में खेलते हैं : पोंटिंग



**नई दिल्ली, 13 दिसंबर 2024।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि बाएं हाथ के बल्लेबाज ट्रैविस हेड आधुनिक समय के खेल के महान बल्लेबाजों में से एक बनने की राह पर हैं। एडिलेड ओवल में खेले गए डे-नाइट टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दस विकेट से हराने में मदद करने के लिए हेड ने 141 गेंदों पर 140 रन की शानदार पारी खेली और मेजबान टीम को पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर करने में मदद की। हेड पिछले 18 महीनों में भारत के लिए मुश्किलें खड़ी कर रहे हैं - उन्होंने 2023 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में शानदार 163 रन बनाए और उसी साल के अंत में वनडे विश्व कप के फाइनल में मैच जीतने वाली 137 रन की पारी खेली। वह उन (महान) खिलाड़ियों में से एक बनने की राह पर हैं। मुझे नहीं लगता कि आप उन्हें अभी महान कह सकते हैं। वह जो कर रहे हैं, उस पर कोई आलोचना नहीं है क्योंकि वह जो कर रहे हैं, वह शानदार है। और कई बार ऐसा तब होता है जब उनकी टीम को उनकी सबसे ज़्यादा ज़रूरत होती है। आईसीसी रिव्यू शो में पोंटिंग ने कहा, विश्व कप सेमी फ़ाइनल, विश्व कप फ़ाइनल, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप, ऑस्ट्रेलिया में कुछ साल पहले हुई एशेज के बारे में सोचिए। बड़े पल तब होते हैं जब ट्रैविस ने खड़े होने का तरीका ढूंढ लिया।

# डी गुकेश को चैंपियन बनने पर मिली इतनी प्राइज मनी, एमएस धोनी को भी छोड़ा पीछे



**नई दिल्ली, 13 दिसंबर 2024।** भारत के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप में चीन के डिंग लिरेन को हराकर सबसे कम उम्र के चैंपियन बने हैं। वहीं गुकेश की उम्र महज 18 साल है और उन्हें इस दौरान जीत हासिल करने पर एक बड़ी प्राइज मनी भी मिली है। वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप की गिनती खेल की दुनिया की सबसे ज्यादा प्राइज मनी वाली चैंपियनशिप में शुमार की जाती है। इस चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले प्लेयर्स के बीच 21 करोड़ रुपये की धनराशि को बांटा जाता है, जिससे इस बार भारत के डी गुकेश को चैंपियनशिप जीतने पर कुल 11.45 करोड़ रुपये मिले हैं, जो यदि आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की टीम से खेलने वाले महेंद्र सिंह धोनी की सैलरी से देखा जाए तो वह काफी ज्यादा है, जिन्हें अगले सीजन के लिए सीएसके ने सिर्फ 4 करोड़ रुपये में रिटेन किया है। इसके अलावा चीन के डिंग लिरेन जिनको हार का सामना करना पड़ा उन्हें 9.75 करोड़ रुपये की प्राइज मनी मिली है।

# भारत के गेंदबाजी आक्रमण का भार मुख्य रूप से बुमराह ने उठाया : गावस्कर



**नई दिल्ली, 13 दिसंबर 2024।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि मौजूदा टेस्ट टीम वास्तव में गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करने के लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर बहुत अधिक निर्भर है। बुमराह दो मैचों में 12 विकेट लेकर मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। लेकिन बुमराह को बाकी भारतीय तेज गेंदबाजों से ज्यादा समर्थन नहीं मिला है - मोहम्मद सिराज ने नौ विकेट लिए हैं, जबकि हर्षित राणा और नितीश कुमार रेड्डी ने पांच और दो विकेट लिए हैं।हां, काफी हद तक। आपको यह कहना होगा। मोहम्मद सिराज एक अच्छे खिलाड़ी हैं, लेकिन उन्हें एक पारी में पांच विकेट लेने शुरू करने होंगे। अन्यथा, भार मुख्य रूप से जसप्रीत बुमराह द्वारा उठाया जा रहा है। लेकिन अगर सिराज दो, तीन विकेट ले सकते हैं, साझेदारी तोड़ते रहते हैं, तो वह निश्चित रूप से जसप्रीत बुमराह की मदद करते हैं। नए खिलाड़ी हर्षित राणा ने पर्थ में प्रभावशाली गेंदबाजी की, लेकिन एडिलेड में दूसरे मैच में वह उतने प्रभावशाली नहीं रहे। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, शायद वह अपनी लय नहीं बना पाए, इसलिए वह उस लंबाई या लाइन पर गेंदबाजी नहीं कर पाए, जो उन्हें करनी चाहिए थी। लेकिन उम्मीद है कि उन्होंने सीख लिया होगा। और फिर यह आसान हो जाएगा। इससे बुमराह का भार कम हो जाता है। बुमराह चार या पांच ओवर के छोटे अंतराल में आ सकते हैं और अधिक प्रभावी हो सकते हैं। 14 दिसंबर से ब्रिसबेन में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए भारत का स्पिनर कौन होना चाहिए, इस संदर्भ में पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा कि वाशिंगटन सुंदर को मौका दिया जाना चाहिए,

# रजनीकांत की फैंस को धांसू बर्थडे ट्रीट

## फिल्म कुली से चिकिटू सॉन्ग का प्रोमो रिलीज कर थलाइवा ने सेलिब्रेट किया जन्मदिन

रजनीकांत ने अपने 74 वां बर्थडे के मौके पर फैंस को सरप्राइज दी जिसे पूरा करते हुए उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म कुली से कूल वाइब दे रहे सॉन्ग चिकिटू का प्रोमो रिलीज कर दिया है। कुली सुपरस्टार के लिए एक और खास फिल्म है. यह एक एक्शन-थ्रिलर है जिसमें रजनीकांत के साथ नागार्जुन, उपेन्द्र, सौबिन शाहिद, श्रुति हासन और सत्यरण समेत शानदार स्टार कास्ट शामिल है। मेकर्स ने अभी तक फिल्म की ऑफिशियल रिलीज की डेट अनाउंस नहीं की है लेकिन 2025 में फिल्म के रिलीज होने की संभावना है। मेकर्स ने रजनीकांत के बर्थडे को और भी ज्यादा खास बनाने का फैसला किया और इसी के चलते मेकर्स ने फिल्म से नए गाने चिकिटू का प्रोमो रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया। गाने का प्रोमो रिलीज करते हुए मेकर्स ने कैप्शन लिखा, साउंड अह येथू, देवा वरार, सेलिब्रेट सुपरस्टार, कुली की चिकिटू वाइब के साथ सुपरस्टार रजनीकांत का बर्थडे सेलिब्रेशन.लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित, कुली पहले से ही मोस्ट अवेटेड फिल्म के रूप में चर्चित है। फिल्म की शूटिंग फिलहाल जयपुर में हो रही है जहां रजनीकांत के साथ आमिर खान भी पहुंचे हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आमिर खान का कुली में कैमियो है। कुली की की जर्नी सितंबर 2023 में शुरू हुई थी, जब इसे पहली बार वर्किंग टाइटल थलाइवर 171 के साथ अनाउंस किया गया था। अप्रैल 2024 में प्रोडक्शन शुरू होने से कुछ समय पहले इसे आधिकारिक तौर पर कुली नाम दिया गया था। कुली की शूटिंग हैदराबाद में पहले शेड्यूल के साथ शुरू हुई, उसके बाद विशाखापत्तनम में दूसरा शेड्यूल और अब टीम जयपुर में शूटिंग कर रही है. फैंस 2025 में रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बता दें इसमें म्यूजिक अनिरुद्ध रविचंदर देंगे और फिलोमिन राज एडिटिंग का काम संभालेंगे।




# अजय देवगन की फिल्म आजाद की रिलीज तारीख से उठा पर्दा




जनवरी 2025 में रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी और अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन बहुप्रतीक्षित फिल्म आजाद के साथ अपना बॉलीवुड डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। फिल्म के पोस्टर और ट्रेलर पहले ही जारी हो चुके हैं, जिसमें अमन और राशा दमदार अवतार में नजर आए थे। वहीं, अब फिल्म के निर्माताओं ने आजाद की रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठा दिया है।निर्माताओं ने आज आजाद का नया पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा की। फिल्म में अजय देवगन भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म के पोस्टर में अजय देवगन नजर आ रहे हैं। साथ ही राशा थडानी और अमन देवगन भी नजर आए। पोस्टर जारी करते हुए निर्माताओं ने बताया कि यह फिल्म 17 जनवरी, 2025 को रिलीज होने वाली है।अजय देवगन ने भी फिल्म का नया पोस्टर जारी किया। उन्होंने पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, इस कहानी का दिल एक योद्धा है, और धड़कन। आजाद, 17 जनवरी 2025 को बड़े पर्दे पर रोमांच का गवाह बनें। अब प्रशंसक बेहद उत्साहित हो गए हैं और सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रियाएं साझा कर रहे हैं।वहीं, फिल्म की कहानी की बात करें तो स्वतंत्रता-पूर्व भारत में सेट आजाद में अजय देवगन एक कुशल घुड़सवार की भूमिका में हैं, जिसका अपने घोड़े से गहरा संबंध है। कहानी में दिलचस्प मोड़ तब आता है, जब अजय का सामना कठोर अंग्रेजी सेनाओं से होता है और अराजकता के दौरान उनका प्रिय घोड़ा गायब हो जाता है। खोए हुए घोड़े को खोजने की जिम्मेदारी अमन देवगन के किरदार पर आती है।इससे पहले आजाद के बारे में बात करते हुए अजय देवगन ने कहा था कि राशा और अमन की फिल्म में मेरी भी महत्वपूर्ण भूमिका है। ट्रेलर रिलीज हो चुका है और लोग इसे पसंद कर रहे हैं। उम्मीद है कि वह बहुत मेहनती लड़का है। फिल्म का निर्माण उद्योग के दिग्गज रोनी स्क्रूवाला और प्रज्ञा कपूर ने किया है। अब यह फिल्म 17 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में धूम मचाएगी।

# नेहा शर्मा ने थाई-हाई स्लिट गाउन में गिराई बिजली



## सेक्सी अदाओं ने फैंस को किया घायल

बॉलीवुड एक्ट्रेस नेहा शर्मा किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी बोलडनेस और हॉटनेस से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनकी ग्लैमरस अदाएं देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।बॉलीवुड एक्ट्रेस नेहा शर्मा सोशल मीडिया पर हमेशा ही अपनी स्टाइल और ग्लैमर से चर्चा में रहती हैं. हाल ही में, उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह एक थाई-हाई स्लिट गाउन में नजर आ रही हैं। इस गाउन के साथ नेहा ने लाइट मेकअप और खुले बालों के साथ अपनी सेक्सी अदाओं का जलवा दिखाया, जो उनके फैंस को पूरी तरह से घायल कर गया है.नेहा का यह लुक बेहद ग्लैमरस और बोल्ड था, जिसमें उनका कॉफी कलर गाउन खास आकर्षण का केंद्र बना। उन्होंने पोज़ देते हुए कैमरे के सामने अपनी सुंदरता का जादू बिखेरा। इस लुक के साथ उनकी अदाएं और आत्मविश्वास ने सोशल मीडिया पर तहलका मचाया, और फैंस ने उन्हें ढेरों लाइक्स और कमेंट्स से प्यार दिया।नेहा शर्मा भले ही इन दिनों किसी फिल्म में दिखाई नहीं दे रही हैं, लेकिन आए दिन अपनी हॉटनेस से इंटरनेट पर कहर बरपाती रहती हैं।

CMYK

## देश की संक्षिप्त खबरें

### प्रमोशन मामले में हाईकोर्ट ने की ये अहम टिप्पणी



**बिलासपुर, 13 दिसम्बर 2024(ए)।** हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की डिवीजन बेंच ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि प्रमोशन का अवसर संवैधानिक या कानूनी अधिकार नहीं हैं। बेंच ने भर्ती और प्रमोशन नियम को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। बेंच ने कहा कि सरकार ने पदोन्नति के लिए नियम तय करने में शिक्षा विभाग में पहले से कार्यरत लेक्चरर के हितों को ध्यान में रखा है। 65 फीसदी पदों में से 70 फीसदी पद ई संवर्ग के लेक्चरर के लिए आरक्षित किए गए हैं।कोर्ट ने कहा कि शिक्षाकर्मी के संविलियन के बाद शिक्षा विभाग में आए लेक्चरर एलबी के लिए 30 फीसदी पद आरक्षित किए गए हैं। ऐसे में नियम को असंवैधानिक घोषित नहीं किया जा सकता।

# भ्रष्टाचारियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ सरकार सख्त

- एक साल की साय सरकार में हर महीने 5 भ्रष्टाचारी गए जेल, अब बनेगा आयोग...
- पिछले 12 महीने में एंटी करप्शन ब्यूरो ने 35 अलग-अलग मामलों में की कार्रवाई...
- 60 आरोपितों को भेजा गया जेल,जिनमें बाबू से लेकर अफसर तक रहे हैं शामिल...
- मुख्यमंत्री कार्यालय में सेल बनाकर भ्रष्टाचार के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने की तैयारी...




## भ्रष्टाचारियों के हौसले पस्त

भ्रष्टाचार को बड़ी समस्या माना जाता है और इससे निपटने के लिए राज्य सरकार ने अनेक उपाय भी किए गए हैं। भ्रष्टाचार के सबसे आम कृत्यों में किसी न किसी रूप में रिश्वतखोरी शामिल है। रिश्वत में किसी तरह के व्यक्तिगत लाभ के लिए अनुचित एहसान और उपहारों का इस्तेमाल शामिल है।पूर्व सरकार के द्वारा सीएसआईडीसी के जेम पोर्टल पर लगी रोक को इस सरकार ने हटा दिया। जैम के माध्यम से फिर से खरीदी व्यवस्था को लागू कर दिया। दावा है कि जेम पोर्टल के माध्यम से सरकारी सामग्री की खरीदी आसानी से होने के साथ-साथ गुणवत्ता में वृद्धि और भ्रष्टाचार में कमी आएगी।

**रायपुर, 13 दिसम्बर 2024(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार में भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। पिछले 12 महीने में एंटी करप्शन ब्यूरो ने 35 अलग-अलग मामलों में 60 आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की है। इनमें बाबू से लेकर अफसर तक शामिल हैं। सरकार की स्पष्ट नीतियों, फैसले और पारदर्शी निर्णयों से जनता के पैसों का दुरुपयोग करने वाले अब जेल की हवा खा रहे हैं। सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ आयोग का गठन करने की तैयारी कर रही है। भाजपा ने विधानसभा चुनाव 2023 में भ्रष्टाचार के खिलाफ आयोग बनाकर शिकायतों के निवारण और निगरानी करने की घोषणा की थी।

मोदी की गारंटी वाले संकल्प पत्र में भ्रष्टाचार के खिलाफ आयोग गठित करने की घोषणा भी हुई थी। इसके अलावा शिकायत निवारण व निगरानी के लिए वेब पोर्टल का सृजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री कार्यालय में सेल का गठन करके भ्रष्टाचार के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने की तैयारी है।

### घोटालों पर सरकार की सख्ती

**शराब घोटाला:-** वर्ष 2019 से 2022 तक 2,161 करोड़ के कथित शराब घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय ने कार्रवाई कर कईयों को सलाखों के पीछे भेज दिया है।

**डीएमएफ घोटाला:-** जिला खनिज न्यास मद घोटाले के मामले में दोषी को उनकी कारगुजारियों को जेल में डाला जा चुका है।

**सीजीपीएससी भर्ती घोटाला:-** राज्य सेवा परीक्षा में व्यापक स्तर पर हुई गड़बड़ियों पर सीबीआइ जांच चल रही है। जांच कराई।

**कोयला घोटाला:-** कोयला परिवहन पर 25 रुपये की अवैध उगाही कर 540 करोड़ रुपये कोयला घोटाले में भी प्रवर्तन निदेशालय ने नौकरशाहों, व्यापारियों, राजनेताओं और बिचौलियों को जेल भेज दिया।

**आरटीई घोटाला:-** शिक्षा के अधिकार अधिनियम यानी आरटीई में भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारियों पर एफआइआर के निर्देश दिए गए हैं।

**महादेव एप घोटाला:-** 5 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के बताए जा रहे महादेव एप घोटाले में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई जारी है।

**जमीन घोटाला:-** जमीन खरीदी-बिक्री में व्याप्त अनियमितताओं और धोखाधड़ी पर जांच चल रही है। इसे रोकने के लिए सुगम एप लांच किया है।

# अपराधिक मामलों के डीएनए रिपोर्ट मिल रही एक सप्ताह में

### दुष्कर्म और हत्या के मामलों का राजफाश

**रायपुर, 13 दिसम्बर 2024 (ए)।** गंभीर किस्म के अपराध सुलझाने के साथ महत्वपूर्ण साक्ष्य संकलन करने में डीएनए रिपोर्ट की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। राज्य के फोरेंसिक लैब में गंभीर अपराध से जुड़े मामलों के रोजाना औसतन 15 से 20 डीएनए संकलित किए जा रहे हैं। सिस्टम अपडेट होने की वजह से वर्तमान में एक भी डीएनए का पेंडिंग मामला नहीं है। अधिकारियों के अनुसार, राज्य फोरेंसिक लैब में वर्तमान में ईडी, ईओडब्ल्यू, सीबीआइ द्वारा दर्ज अलग-अलग प्रकरणों से संबंधित इलेक्ट्रिक डिवाइस की भी जांच की गई है। जांच में मोबाइल, लैपटॉप और कंप्यूटर के हार्ड डिस्क की फोरेंसिक जांच कर रिपोर्ट संबंधित एजेंसियों को सौंपी गई है। उनकी रिपोर्ट के आधार पर संबंधित जांच एजेंसियों ने भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में आरोपितों की गिरफ्तारी की है।

#### हत्या के सभी मामलों में डीएनए जांच

हत्या के आरोपित कानूनी दांव पेंच का सहारा लेकर संदेह का लाभ लेकर किसी तरह कोर्ट में आसानी से न छूट जाएं, इस बात को देखते हुए हत्या के सभी मामलों की डीएनए जांच की जा रही है। पूर्व में हत्या के संदिग्ध मामलों में डीएनए जांच की जाती थी। वर्तमान में हत्या के सभी मामलों में




डीएनए जांच की जा रही है।

#### अनसुलझे मामलों को सुलझाने में मिली मदद

डीएनए जांच करने का सिस्टम अपडेट होने की वजह से कई गंभीर अपराधों को सुलझाने में पुलिस को मदद मिली है। पेंड्रा में दुष्कर्म और हत्या के एक मामले में डीएनए साक्ष्य के आधार पर आरोपित की पहचान की गई। इसके बाद पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया।

#### डीएनए साक्ष्य के आधार पर फांसी की सजा

उरला थाना क्षेत्र में चार साल के हर्ष का अपहरण कर टावेल में लपेटकर पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया गया था। इस मामले में हत्या के आरोपित पंचराम को कोर्ट ने डीएनए साक्ष्य के आधार पर हत्या की सजा सुनाई है।

बच्चे का शव पूरी तरह से जल गया था, जिसकी पहचान संभव नहीं थी। डीएनए के माध्यम से बच्चे की पहचान की गई। रिपोर्ट कोर्ट को सौंपी गई। इसके बाद कोर्ट ने डीएनए रिपोर्ट के आधार पर हत्या के आरोपित को मौत की सजा सुनाई।

#### ब्लास्ट में मारे गए मजदूरों की पहचान डीएनए से...

बेमतेरा,बेरला स्थित बारूद फैक्ट्री में इस वर्ष मई में हुए ब्लास्ट में आधा दर्जन से ज्यादा मजदूरों की मौत हो गई थी। ब्लास्ट में मजदूरों के चीथड़े उड़ गए थे। मजदूरों की पहचान नहीं हो पा रही थी। फोरेंसिक लैब के अधिकारी के अनुसार संकलिए किए गए टुकड़ों का डीएनए टेस्ट किया गया। डीएनए लेने के लिए 50 से ज्यादा लोगों का सैंपल एकत्र किया गया। इसके बाद मृतकों की अलग-अलग पहचान की गई।

# छत्तीसगढ़ के सभी संभागों में खुलेगा सिम्स

- दस लाख तक का इलाज होगा फ्री
- डीकेएस सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में जल्द शुरू होगी आर्गन ट्रांसप्लांट की सुविधा
- राज्य सरकार ने स्वास्थ्य बजट को 5,461 करोड़ से बढ़ाकर किया 7,563 करोड़
- आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के जरिये 77 लाख परिवारों को मिल रहा है फ्री इलाज




**रायपुर, 13 दिसम्बर 2024 (ए)।** प्रदेश के सभी संभागों में एम्स की तर्ज पर सिम्स खोला जाएगा, जिसकी शुरूआत बिलासपुर से हो चुकी है। साय सरकार के पहले डिजिटल बजट में इसका निर्णय लिया गया था। राजधानी के डीकेएस सुपरस्पेशियल्टी अस्पताल में जल्द ही आर्गन ट्रांसप्लांट की सुविधा भी शुरू होने वाली है।

शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के माध्यम से राज्य के 77 लाख 20 हजार परिवारों को पांच लाख रुपये तक का फ्री इलाज मिल रहा है। इसे बढ़ाकर 10 लाख रुपये तक किए जाने का लक्ष्य है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से इसके लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है।

#### स्वास्थ्य बजट में 38.5 फीसदी की बढ़ोतरी

पिछले एक साल में स्वास्थ्य सुविधाओं में तेजी से सुधार हुआ है। लोगों को मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत विशेष स्थितियों में इलाज के लिए 25 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जा रही है। बीते नौ माह में करीब 1200 लोगों को 43 करोड़ रुपये की सहायता दी जा चुकी है।

# एव्हीपी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन का विरोध करने आये एसडीएम को पीटा



**कवर्धा, 13 दिसम्बर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले के पंडरिया में एव्हीपी कार्यकर्ताओं और एसडीएम के बीच मारपीट हो गई। कार्यकर्ताओं ने एक पटवारी पर छात्र से पैसे मांगने और तहसीलदार तक रिश्वत पहुंचाने का आरोप लगाया। जिले लेकर शुक्रवार शाम वे एसडीएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान एसडीएम संदीप ठाकुर ने पुलिस से प्रदर्शनकारियों को हटाने कहा। जिसके बाद विवाद बढ़ गया और कार्यकर्ताओं और एसडीएम के बीच हाथापाई हो गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है।

छत्तीसगढ़ कवर्धा जिले के पंडरिया एसडीएम कार्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रदर्शन किया। एव्हीपी कार्यकर्ता पटवारी के किसान से रिश्वत मांगने का ऑडियो वायरल होने पर विरोध कर रहे थे। तभी पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर उन्हें रोकने पहुंचे और उन्होंने झूमाझटकी की। इसके बाद गुरुवार देर रात तक तहसील कार्यालय में हंगामा जारी रहा। जानकारी के अनुसार पंडरिया तहसील के डोमन हल्के का नंबर 43 में पदस्थ पटवारी का एक ऑडियो वायरल हो रहा है। इस ऑडियो में पटवारी किसान से जमीन के प्रमाणीकरण के नाम पर रिश्वत मांग रहा है। इसमें यह भी पटवारी कह रहा है कि 4 हजार रुपए तहसीलदार को देना पड़ता है। इस ऑडियो के वायरल होने के बाद राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया है। इसी ऑडियो के विरोध में एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया था। एबीवीपी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पंडरिया स्डरू संदीप ठाकुर ने उनके साथ झूमाझटकी की है। वे डोमन हल्का नंबर 43 में पदस्थ पटवारी के किसान से रिश्वत मांगने के विरोध कर रहे थे। प्रदर्शन नियम के अनुरूप ही किया जा रहा था। तभी पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर ने उनके साथ झूमाझटकी की। पटवारी के वायरल हो रहे रिश्वत मांगने वाले ऑडियो में तहसीलदार का भी जिक्र है। इसमें जमीन प्रमाणीकरण मामले को लेकर जब पटवारी किसान से बात करता है। इसमें रिश्वत मांगने के दौरान तहसीलदार का भी जिक्र करता है। इसमें तहसीलदार को 4 हजार रुपए देने की बात कही जा रही है। इस ऑडियो के पब्लिक में आने के बाद लोगों में राजस्व विभाग को लेकर आक्रोश है।

# नड्डा ने की विष्णु सरकार की सराहना और कांग्रेस पर साधा निशाना

### साय ने भी कांग्रेस पर किया कटाक्ष



**रायपुर, 13 दिसम्बर 2024 (ए)।** बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा विष्णुदेव साय सरकार की पहली वर्षगांठ के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने रायपुर पहुंचे। उन्होंने साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित सभा में राज्य सरकार की सराहना करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। नड्डा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता को राज्य में भूपेश बघेल और दिल्ली में राहुल गांधी से सावधान रहने की जरूरत है। कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी, अपराधीकरण, तुष्टीकरण, वोट बैंक की राजनीति और फूट डालो, राज करो की नीति पर आधारित थी।

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने आज एक वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लिया है। राज्य सरकार इसे जनादेश परब के रुप में मना रही है। इस मौके पर राजधानी के साइंस कॉलेज मैदान में आज भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा भी शामिल हुए। इस मौके पर विधानसभा स्पीकर के साथ ही प्रदेश सरकार के सभी मंत्री, भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव के साथ सभी मंत्री और संगठन के नेता मौजूद थे। जनसभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि मै माता कौशल्या के जन्मस्थान और भगवान राम के ननिहाल आया हूं। 13 दिसंबर को साय सरकार का गठन हुआ था, आज हम सरकार की उपलब्धियों को लेकर आपके बीच है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि हम सत्ता का उपयोग करके जनता की सेवा करते है। कांग्रेस पार्टी सत्ता का उपभोग करती है, यही अंतर दोनों पार्टियों में है। जेपी नड्डा ने कहा कि हमारी सरकार ने महतारी वंदन योजना से एक- एक हजार देने की बात कही थी। जिसे हमने सरकार में आते ही पूरा किया। नड्डा ने कहा कि आपने जिसे सत्ता में बिठाया है, उसके रहने और नहीं रहने से क्या फायदा होगा इसका भी मूल्यांकन करना चाहिए। बीजेपी सिर्फ विकास की राजनीति करती है। बीजेपी लोगों की सेवा के लिए बनी है। कांग्रेस पार्टी लोगों का हक छीनकर मेवा खाने का काम करती है। कांग्रेस पार्टी को आराम दो, यहां बैठे लोगों को काम दो। जो काम कर रहे हैं, उनको मौका दो। कांग्रेस का खोटा सिक्का नहीं चलेगा। कांग्रेस के लोग कहते थे महतारी वंदन योजना बंद हो जाएगी। योजना तो बंद नहीं होगी, लेकिन कांग्रेस का भविष्य बंद हो जाएगा। जेपी नड्डा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार ने नक्सलवाद पर नकेल कसा है। गरीबों के लिए घर बन रहे हैं, युवाओं को नौकरी मिल रही है, रेलवे का बजट नौ गुना बढ़ा है, 5 नए मेडिकल कॉलेज बन रहे हैं। आईआईटी भिलाई परिसर का उद्घाटन हुआ है और राजनंदगांव में देश की सबसे बड़ी बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली बनाई जा रही है।



# किराए के मकान में स्टूडेंट ने लगाई फांसी,जांच में जुटी पुलिस

**धमतरी, 13 दिसम्बर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के धमतरी में पॉलिटेक्निक के छात्र ने फांसी लगा ली। छात्र किराए के मकान में रहता था। दरवाजा तोड़ कर पुलिस ने लाश बाहर निकाला। मृतक पॉलिटेक्निक कॉलेज में तीसरे सेमेस्टर का छात्र था। मामला रुद्री थाना क्षेत्र का है। रुद्री के तरिया पारा में प्रियांशू रंजन (19) किराए के मकान में रह कर पढ़ाई कर रहा था। युवक ने 12-13 दिसंबर की रात को छात्र ने फांसी लगा ली। पास के रूम में रहने वाला छात्र शौच गया हुआ था, अचानक खिड़की पर नजर पड़ी तो छात्र पंखे से लटका हुआ था।

छात्र ने मामले की जानकारी मकान मालिक को दी। इनके बाद माकन मालिक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रिंसिपल ने बताया कि छात्र के पिता रेलवे डिपार्टमेंट में है। छात्र के माता-पिता बिहार चले गए थे, वह लौट रहे हैं। रुद्री थाना के एएसआई उमेश शुक्ला ने बताया कि छात्र भाठापारा रेलवे कॉलोनी बलोदाबाजार का रहने वाला है। वर्तमान में धमतरी के रुद्री में रहता था। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# सरकारी स्कूल में चपरासी की रासलीला

### छात्रा संग बेखौफ अश्लीलता

**कांकेर, 13 दिसम्बर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में उच्चतर माध्यमिक स्कूल के चपरासी की रास लीला का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है, बता दें कि, जिले के कोयलीबेड़ा विकासखंड के अंदरूनी इलाके के एक हायर सेकंडरी स्कूल का चपरासी बेशर्मी की हदें पार कर छात्रा से बेखौफ होकर अश्लीलता करते नजर आ रहा है।वीडियो वायरल होने के बाद प्राचार्य बीएल मंडावी ने 10 दिसंबर को चपरासी को कारण बताओ नोटिस दिया गया। जिसमें चपरासी प्रकाश साहा ने कहा कि, परिजनों के बीमार होने पर छात्रा रो रही थी, इसलिए उसे गले लगा समझा रहा था। चपरासी ने



छात्रा को बहन बताया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच टीम गठित कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल ने तत्काल कोयलीबेडा खंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में जांच टीम गठित कर दी है और जांच रिपोर्ट के बाद कार्रवाई बात कही जा रही है।

# रणजीत सिंह सैनी को मिली हाई कोर्ट से राहत

**बिलासपुर, 13 दिसम्बर 2024 (ए)।** आईपीएस अधिकारी गुरजिंदर पाल सिंह (जीपी सिंह) के सहयोगी रणजीत सिंह सैनी को हाई कोर्ट से राहत मिली है। उनके खिलाफ 2021 में सुपेला पुलिस थाना में दर्ज की गई एफआईआर को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। इससे पहले, आईपीएस जीपी सिंह के खिलाफ भी इसी मामले में दर्ज एफआईआर को हाई कोर्ट ने खारिज किया था।

#### हाई कोर्ट का फैसला

हाई कोर्ट की चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की बेंच ने रणजीत सिंह सैनी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई की। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता हिमांशु पांडेय के तर्कों



को सुनने के बाद कोर्ट ने यह फैसला दिया कि चूंकि इस मामले में गुरजिंदर पाल सिंह के खिलाफ पहले ही एफआईआर खारिज हो चुकी है, इसलिए रणजीत सिंह सैनी को भी समान राहत दी जानी चाहिए।

#### कोर्ट ने मामले को फर्जी करार दिया

कोर्ट ने यह भी माना कि रणजीत सिंह सैनी किसी उच्च पद पर नहीं हैं और अभियोजन पक्ष का पूरा मामला फर्जी प्रतीत होता है। इस आधार पर सुपेला थाना में 27 जुलाई 2021 को दर्ज की गई एफआईआर को रद्द कर दिया गया। इसके साथ ही मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, दुर्ग द्वारा 27 मई 2022 का आदेश और प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट, दुर्ग द्वारा 12 मार्च 2024 को आरोप तय करने का आदेश भी निरस्त कर दिया गया है। यह मामला कमल सेन नामक व्यक्ति से जुड़ा हुआ है, जिन्होंने 2007 में हथखोज,श्याम कैमिकल नामक व्यवसाय शुरू किया था। पुलिस ने उनके फैक्ट्री पर दबिश दी थी, जिसके बाद कमल सेन और उनके कर्मचारियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। 6 महीने बाद उन्हें जमानत मिली। कमल सेन की पत्नी ने आरोप लगाया था कि आईपीएस जीपी सिंह के सहयोगी रणजीत सिंह सैनी ने उनसे संपर्क कर चालान में धाराएं कम करने और जल्दी पेश करने के बदले 1 करोड़ रुपए की मांग की थी। बाद में 20 लाख रुपए एडवांस देने पर मदद का आश्वासन दिया। इसके बाद 5 जुलाई 2016 को कमल सेन की पत्नी और परिवार के अन्य सदस्य रणजीत सिंह से मिले और रुपये दिए।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)